दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



नव वर्ष के नव संकल्प........ ये सूत्र दिलाएंगे आपको सफलता......

वर्ष : 11 | अंक : 13 | लखनऊ, 30 दिसम्बर, सोमवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## महाकुंभ का संदेश एकता स्थापित करना और समाज से नफरत को खत्म करना है: पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महाकुंभ को एकता का महाकुंभ बताया और लोगों से इस आगामी भव्य धार्मिक समागम से समाज से नफरत और विभाजन को खत्म करने के संकल्प के साथ लौटने का आग्रह किया। मोदी ने अपने मासिक मन की बात कार्यक्रम में कहा, महाकुंभ का संदेश एक हो पूरा देश।

उन्होंने प्रयागराज में अगले साल 13 जनवरी से आयोजित इस समागम में शामिल होने वाले लोगों की विविधता के मद्देनजर कहा कि विविधता में एकता के ऐसे दृश्य का कोई दूसरा उदाहरण नहीं है। उन्होंने कहा, महाकुंभ की विशेषता न केवल इसकी विशालता बल्कि इसकी विविधता में भी है।

यह विशाल धार्मिक आयोजन हर 12 साल में आयोजित किया जाता है। मोदी ने कहा कि आगामी गणतंत्र दिवस संविधान के लागू होने की 75वीं वर्षगांठ होगी जो देशवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने कहा, यह हमारा मार्गदर्शक है।

मोदी ने कहा कि वह अपने जीवन में इस स्तर तक संविधान के कारण ही पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को संविधान के प्रावधानों और भावना से जोड़ने के लिए कॉन्स्टीट्यूशन 75 डॉटकॉम नामक एक वेबसाइट शुरू की गई है। विपक्षी दल केंद्र सरकार पर संविधान को कमजोर करने का अक्सर आरोप लगाते रहे हैं, जिसका सत्तारूढ़ दल ने जोरदार खंडन किया है। मोदी ने संवैधानिक मूल्यों एवं भावना को मजबूत करने के अपनी सरकार के प्रयासों का कई बार जिक्र किया है और मुख्य विपक्षी कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि जब भी वह सत्ता में रही, उसने संविधान को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया।

## सब्जी क्रांति के लिए कालाहांडी के किसानों की सराहना की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ओडिशा के कालाहांडी जिले के गोलामुंडा ब्लॉक के किसानों की क्षेत्र में सब्जी क्रांति के लिए सराहना की। मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में किसान उत्पादक संघ (एफपीओ) की स्थापना करने और आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर कालाहांडी जिले में सब्जी क्रांति लाने के लिए किसानों की सराहना की। कालाहांडी को कभी गरीबी और लोगों के पलायन की भयावह स्थिति के लिए जाना जाता था। उन्होंने कहा, जहां, कभी किसान, पलायन करने को मजबूर थे, वहीं आज, कालाहांडी का गोलामुंडा ब्लॉक एक सब्जी केंद्र बन गया है। यह परिवर्तन कैसे आया?

मोदी ने कहा, इसकी शुरूआत सिर्फ 10 किसानों के एक छोटे से समूह से हुई। इस समूह ने मिलकर एक किसान उत्पाद संघ की स्थापना की, खेती में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया, और आज उनका ये संघ करोड़ों का कारोबार कर रहा है। आज 200 से अधिक किसान इस संघ से जुड़े हैं, जिनमें 45 महिला किसान भी हैं। उन्होंने कहा, ये लोग मिलकर 200 एकड़ में टमाटर की खेती कर रहे हैं, 150 एकड़ में करेले का उत्पादन कर रहे हैं। अब इस संघ का सालाना कारोबार भी बढ़कर डेढ़ करोड़ से ज्यादा हो गया है।

## आचार्य किशोर कुणाल का निधन अत्यंत दुःखद

### सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र की अपूरणीय क्षति: सीएम योगी

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



अयोध्या/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महावीर मंदिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए रविवार को कहा कि उनका निधन अत्यंत दुःखद और सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र की अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य, महावीर मंदिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल जी का निधन अत्यंत दुःखद और सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र की अपूरणीय क्षति है।

योगी ने इसी पोस्ट में कहा, उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों एवं शुभचिन्तकों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ॐ शांति। बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड (बीएसबीआरटी) के पूर्व प्रमुख और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल का रविवार को पटना में हृदयाघात से निधन हो गया। वर्ष 1972 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी कुणाल पटना के प्रसिद्ध महावीर मंदिर ट्रस्ट के सचिव थे। यह ट्रस्ट राज्य में कई अस्पताल भी चलाता है। आचार्य किशोर कुणाल अयोध्या के अमावा मंदिर ट्रस्ट के सचिव भी थे। महावीर मंदिर पटना ट्रस्ट ने राम मंदिर निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। वह लगातार अयोध्या के अमावा मंदिर में राम भक्तों के लिए मुफ्त सामुदायिक भोजन का आयोजन कर रहे थे।

### मौसम

अधिकतम तापमान 23.c

न्यूनतम तापमान 7.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,526.14

निफटी 24,641.80

## मथुरा में एनएच-19 पर हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

मथुरा, मथुरा जिले के छाता कोतवाली थाना क्षेत्र में एक चीनी मिल के सामनेरविवार सुबह ट्रैक्टर ट्रॉली और ट्रक की टक्कर में तीन व्यक्तियों की मौत हो गयी और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। छाता कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) संजय कुमार त्यागी ने कहा, इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसा उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार ट्रक ने ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली से आगे निकलने की कोशिश में उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि दोनों वाहन छाता से मथुरा जा रहे थे। मृतकों की पहचान उमेश, पूरन सिंह और ट्रक चालक प्रिंस के रूप में हुई है। पूरन सिंह ट्रैक्टर पर सवार था। त्यागी ने बताया कि हादसे में घायल तीन लोगों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां पूरन सिंह और प्रिंस की मौत हो गई, जबकि धर्मेंद्र यादव नाम के व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि उमेश की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की उम्र का अभी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## यूपी के जिलों में हुई भीषण सर्दी, ठिठुरने को मजबूर हुए लोग

### सीएम को स्कूल बंद करने का देना पड़ा आदेश

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश में शुक्रवार से ही बारिश हो रही है। लगातार हो रही बारिश के बाद अब उत्तर प्रदेश में स्कूल बंद कर दिए गए है। इसे लेकर सहारनपुर में जिलाधिकारी ने आदेश जारी किए है। आदेश के मुताबिक शनिवार को सभी स्कूल बंद रखे गए है। सहारनपुर में कक्षा एक से 8वीं तक सभी स्कूलों बंद रखे गए है।

बच्चों के स्वास्थ्य और बढ़ती ठंड को देखते हुए ये फैसला किया गया है। आदेश के अनुसार जिले के सभी परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त और बोर्ड स्कूल बंद रखने पड़े है, चाहे वो किसी भी पाली में चलते हों। इस संबंध में सहारनपुर के डीएम ने आदेश जारी करते हुए कहा कि प्राइमरी से लेकर कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों में छुट्टी रहेगी। डीएम ने आदेश में कहा कि सहारनपुर में हो रही बारिश और ठंड के कारण मानवीय आधार पर स्कूल में छुट्टी घोषित हुई है।

आदेश के मुताबिक शनिवार को मुजफ्फरनगर में भी कक्षा एक से 12वीं तक स्कूल बंद रखने के आदेश दिए गए है। मेरठ में भी स्कूल बंद रखने की घोषणा हुई है जो बारिश के कारण है। दिल्ली के पास गाजियाबाद में भी 28 से 30 दिसंबर तक ठंड व बारिश को देखते हुए अवकाश घोषित हुआ है।

बता दें कि शुक्रवार से ही पश्चिमी यूपी के कई जिलों में आसमान से लगातार बूंदे बरसती जा रही है। बच्चों को बारिश के कारण स्कूल आने जाने में अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बच्चों के बारिश में भीगने के कारण बीमार होने की संभावना भी बनी हुई है। वहीं छुट्टी घोषित होने से अभिभावक भी खुश है। मौसम विभाग पहले ही राज्य के कई जिलों में शनिवार को तेज बारिश का अलर्ट जारी कर चुका है।

### संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली के गुरुद्वारा मजनू का टीला साहिब के पास विसर्जित की गई मनमोहन सिंह की अस्थियां

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के एक दिन बाद उनके परिवार ने रविवार को उनकी अस्थियों का विसर्जन किया। दिल्ली के गुरुद्वारा मजनू का टीला साहिब के पास पूर्व प्रधानमंत्री की अस्थियों को विसर्जित किया गया है। शनिवार को, निगमबोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ सिंह का अंतिम संस्कार किया गया था।

### निगमबोध घाट पर हुआ था अंतिम संस्कार

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का शनिवार को दिल्ली के कश्मीरी गेट स्थित निगमबोध घाट पर उनके परिवार, मित्रों, सहकर्मियों और सरकारी गणमान्य लोगों की मौजूदगी में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सिख रीति-रिवाजों के अनुसार वीआईपी घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। डॉ. सिंह के पार्थिव शरीर को चंदन की लकड़ियों की चिता पर रखा गया था।

### अंतिम सरकार को लेकर कांग्रेस–बीजेपी में छिड़ी जंग

कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करवाकर केंद्र सरकार ने भारत माता के महान सपूत और सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री का सरासर अपमान किया है। भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर पलटवार किया और उस पर मनमोहन सिंह के निधन को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया। नड्डा ने कहा कि इस घटिया सोच के लिए कांग्रेस की जितनी भी निंदा की जाए, कम है।

## भाजपा ने राहुल गांधी पर मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार पर राजनीति करने का आरोप लगाया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस और इसके नेता राहुल गांधी पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद संबित पात्रा ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में गांधी पर यह कहने के लिए कड़ा प्रहार किया कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने निगमबोध घाट पर सिंह का अंतिम संस्कार करके सिंह का अपमान किया है, जबकि अन्य पूर्व प्रधानमंत्रियों का अंतिम संस्कार उन स्थलों पर किया गया जहां बाद में स्मारक बनाने की अनुमति थी। पात्रा ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा को डॉ. सिंह के अंतिम संस्कार से संबंधित विषय पर संवाददाता सम्मेलन करना पड़ रहा है... उनके निधन के बाद से ही केंद्र सरकार उनके लिए एक स्मारक बनाने की तैयारी कर रही है। पात्रा ने कहा, कैबिनेट की बैठक बुलाई गई और शोक संदेश जारी किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री को उनके कद के अनुरूप उचित सम्मान देने का भी निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने डॉ. सिंह के परिवार और कांग्रेस, दोनों को सूचित किया कि एक स्मारक बनाया जाएगा ताकि हर कोई उनके सकारात्मक योगदान को याद रख सके। हालांकि भूमि अधिग्रहण, ट्रस्ट बनाने और अन्य औपचारिकताओं के लिए समय चाहिए, वहीं अंतिम संस्कार में भी देरी नहीं की जा सकती। भाजपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि देश की सबसे पुरानी पार्टी ने अतीत में अपने नेताओं - पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का अपमान किया था।

## लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा है भाजपा : अखिलेश यादव

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा है। समाजवादी पार्टी की ओर से जारी एक बयान में अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या करती है। लोगों को संविधान से मताधिकार मिला हुआ है, लेकिन भाजपा मतदान करने का अधिकार छीन रही है। इन उपचुनावों में मतदाताओं को लूटा गया। लोगों को पुलिस प्रशासन के जरिए मतदान करने से रोका गया। लखनऊ में सपा के राज्य मुख्यालय में खनगर समुदाय से बड़ी संख्या में एकत्र लोगों को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि संविधान लागू करने के लिए अच्छे लोगों की जरूरत है। बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा दिया गया संविधान गरीबों, किसानों, वंचित तबकों को मजबूती देता है। भाजपा संविधान को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा फर्जी समाचार का उद्गम स्थल है। यह फजीर्वाड़ा और झूठ फैलाती है, विपक्षियों के खिलाफ झूठे मामले दायर करती है और समाजवादी पार्टी के नेतृत्व को बदनाम करने का हमेशा षड़यंत्र करती है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने संवैधानिक संस्थानों को कमजोर किया है और यह तानाशाही की राह पर है।

## द्रविड़वाद और साम्यवाद में वैचारिक मित्रता है, यह दोस्ती हमेशा रहेगी: स्टालिन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने कहा कि द्रविड़वाद और साम्यवाद के बीच संबंध चुनावी राजनीति से परे हैं और यह वैचारिक मित्रता हमेशा बनी रहेगी। स्टालिन ने गठबंधन के फिर से बनने का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए कहा कि दोनों आंदोलनों के बीच राजनीतिक मित्रता में कभी-कभार अल्पविराम लग सकता है, लेकिन वैचारिक दोस्ती हर परिस्थिति में जारी रहेगी। सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष स्टालिन ने स्वतंत्रता सेनानी एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के दिग्गज नेता आर नल्लाकन्नू के 100वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, यह (मित्रता) जारी रहेगी।

स्टालिन ने कहा कि दिग्गज कम्युनिस्ट नेता सिंगारवेलर ने उस समय पेरियार का समर्थन किया था, जब उन्होंने द्रविड़ कषगम की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि वास्तव में द्रमुक के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि ने एक बार कहा था कि अगर द्रविड़ कषगम अस्तित्व में नहीं आता तो वह साम्यवाद के आंदोलन में शामिल हो जाते।

उन्होंने रूसी साम्यवादी नेता जोसेफ स्टालिन का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा, मेरा नाम भी स्टालिन है। स्टालिन ने कहा, दोनों आंदोलनों के बीच चुनावी राजनीति से परे वैचारिक मित्रता है। नल्लाकन्नू को उनके 100वें जन्मदिन के अवसर पर दिया जाने वाला सबसे अच्छा उपहार जातिवाद, सांप्रदायिकता, बहुसंख्यकवाद और निरंकुशता के खिलाफ लोकतांत्रिक ताकतों का हाथ मिलाना होगा। स्टालिन ने नल्लाकन्नू की प्रशंसा करते हुए स्वतंत्रता सेनानी के रूप में उनके सामने आई कठिनाइयों को याद किया। उन्ह

## मध्यप्रदेश के गुना में 140 फुट गहरे बोरवेल में गिरा बच्चा, बचाव अभियान जारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, मध्यप्रदेश के गुना जिले में शनिवार शाम 10 वर्षीय एक बालक 140 फुट गहरे खुले बोरवेल में गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि बालक को बचाने के लिए अभियान जारी है। अधिकारियों के मुताबिक यह घटना जिले के राघोगढ़ इलाके में घटी। गुना जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर पिपलिया गांव में शाम करीब पांच बजे सुमित मीणा नामक बालक बोरवेल में फिसल गया। राघोगढ़ के कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने घटनास्थल से पीटीआई- को बताया कि बच्चा करीब 39 फुट की गहराई में फंसा हुआ है। उन्होंने बताया कि सुमित को बचाने के लिए एक समानांतर गड्ढा खोदा गया है। गुना के जिलाधिकारी सतेंद्र सिंह ने बताया कि बोरवेल करीब 140 फुट गहरा है। उन्होंने बताया कि बच्चे को बचाने के लिए बोरवेल के समानांतर 25 फुट गहरा गड्ढा खोदा गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि बोरवेल में पानी नहीं आया था, इसलिए उसे ढका नहीं गया था। कांग्रेस विधायक ने बताया कि पुलिस ने तुरंत बचाव अभियान शुरू कर दिया और भोपाल से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम भी पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि बोरवेल में पाइप से ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही है। सुमित के परिवार के सदस्य तब घबरा गए जब उन्होंने उसे काफी देर तक नहीं देखा। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि जब उसकी तलाश की गई तो पता चला कि वह बोरवेल में गिर गया है।

## केजरीवाल के बाद संजय सिंह ने लगाया भाजपा पर आरोप

### पत्नी का नाम मतदाता सूची से हटवाने का प्रयास कर रही पार्टी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा उनकी पत्नी का नाम नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची से हटवाने का प्रयास कर रही है। दिल्ली विधानसभा चुनाव फरवरी में प्रस्तावित हैं। पत्नी अनीता सिंह के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा दिल्ली में बसे पूर्वांचली लोगों के नाम हटाने की कोशिश कर रही है। सिंह और उनकी पत्नी पूर्वी उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखते हैं। पूर्वांचली पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग हैं, जो दशकों से दिल्ली में बसे हैं और शहर में मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा हैं। संजय सिंह ने दावा किया कि आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के प्रतिनिधित्व वाली नयी दिल्ली सीट की मतदाता सूची से उनकी पत्नी का नाम हटाने के लिए 25 और 26 दिसंबर को दो आवेदन दायर किए गए थे। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली में मतदाता सूची से पूर्वांचली मतदाताओं के नाम हटाए जाने का मुद्दा राज्यसभा में उठाने के लिए भाजपा उन्हें सबक सिखाने की कोशिश कर रही है।

# पुलिस असुरक्षित ब्रेथ एनलाइजर से वाहन चालक को फैला रही है संक्रमण, जिम्मेदार मौन

## बंथरा प्रभारी, वाहन चालकों को जबरिया असुरक्षित (ब्रेथलाइजर) लगवाकर , टीवी, वायरल, डायरिया, टाइफाइड जैसे गंभीर रोगों को दे रहे बढ़ावा

अमन लेखनी समाचार /अजीत सिंह

बंथरा , लखनऊ। प्रशासन नशे पर लगाम लगाने के लिए हर मुमकिन कोशिश भले ही कर रहा हो. सड़कों पर आने-जाने वालों की चेकिंग से लेकर माफियाओं और बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस को अतिरिक्त पावर दे रखा हो बावजूद इसके कुछ भ्रष्ट पुलिस अधिकारी दिन-रात सड़कों पर तैनात होकर भी नशा करके ड्राइव करने वालों की चेकिंग के नाम पर छलावा कर रहे है। प्रदेश की स्वस्थ जनता के साथ असुरक्षित ब्रेथ एनालाइजर लगाकर उन्हें मौत के मुंह में धकेलने का काम कर रहे हैं।

ऐसा ही कार्य बंथरा प्रभारी राम सिंह के द्वारा कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग हनुमान मंदिर के पास किया गया। कई उन सम्मानित लोगों को जानबूझकर परेशान किया गया जिनका कभी नशे से दूर दूर तक सरोकार नहीं रहा होगा। जबरिया ऐसे लोगों को परेशान करने की नीयत से उनके मुंह में ब्रेथ एनालाइजर पुलिस कर्मियों के द्वारा जबजस्ती ठूसा गया। और यह कृत्य बंथरा प्रभारी के सामने ही उनके पुलिस कर्मियों के द्वारा किया गया। नाम न छापने की शर्त पर लोगों ने बताया कि एक ही ब्रेथ एनलाइजर सभी वाहन चालकों के मुंह में लगाया गया जिससे काफी वाहन चालक तो सदमे में है कि कही उन्हें कोई इस असुरक्षित मशीन से गंभीर रोग न हो जाए। लोगों का कहना है कि हर कोई शख्स ड्रिंग करके ड्राइव तो नहीं कर रहा है अगर ऐसा होता तो ड्रिंक एंड ड्राइव के केसों की भरमार हो जाती।

### प्रयोग करने का तरीका गलत

विशेषज्ञों की माने तो कई बार पुलिस को इस बात का प्रशिक्षण नहीं होता कि कैसे ब्रेथ एनालाइजर को कैसे पकड़े और किस तरह से इसके द्वारा रीडिंग लें। कई बार पुलिसकर्मी इसे उल्टा पकड़ते हैं। उनका कहना है कि यूरोपियन देशों में इंफ्रारेड वाले ब्रेथ एनालाइजर का प्रयोग किया जा रहा है जो आपकी शारीरिक ऊर्जा के आधार पर एल्कोहल का आकलन करते हैं।

### आपको बीमार भी कर सकता है

ब्रेथ एनालाइजर में लगे ब्रेथ कीप को आमतौर पर साफ नहीं किया जाता है। कई बार एक व्यक्ति की जांच के बाद तुरंत ही दूसरे व्यक्ति के मुंह में इसे डाल दिया जाता है। ब्रेथ एनालाइजर के इस तरह के उपयोग से एक व्यक्ति का संक्रमण दूसरे व्यक्ति तक पहुंच सकता है। चिकित्सकों के अनुसार, कई बीमारियां ऐसी हैं, जो एक से दूसरे के संपर्क में आने से फैलती हैं।

### ब्रेथ एनालाइजर बन सकता है घातक

आपको बता दें ब्रेथ एनालाइजर के जरिए प्रशासन सड़कों पर आने-जाने वाले लोगों को चेक करती है. सड़कों पर जा रहे लोगों को रोककर पुलिस उस ब्रेथ एनालाइजर मशीन को मुंह में लगाकर फूंक मारने कहती है, जिसके बाद मशीन में यह स्पष्ट होता है कि सामने वाले शख्स ने नशा किया है नहीं. अगर वह ड्रिंक किए हुए होते हैं, तो ड्रिंक एंड ड्राइव का केस बनता है. इस मशीन को अगर बिना सेनेटाइज किए ऐसे ही लोगों को मुंह में लगाकर चेक किया जाए तो संक्रमण फैलने का खतरा होता है.

### क्या बोले सांस रोग विशेषज्ञ

इस विषय पर सांस रोग विशेषज्ञों की माने तो ब्रेथ एनालाइजर से अल्कोहल स्क्रीनिंग के लिए एनालिसिस में लगे माउथपीस में मुंह लगाकर सांस छोड़ना होती है. ऐसी स्थिति में एक-दूसरे के सलाइवा का संपर्क व हवा में मौजूद संक्रमण से बीमारी हो सकती है. उन्होंने बताया यदि किसी को मुंह में संक्रमण या संक्रामक रोग है, तो दूसरे व्यक्ति को भी संक्रमण हो सकता है. यदि माउथपीस को स्टेरलाइज किया जाए या अलग-अलग माउथपीस का उपयोग अलग-अलग जांच के दौरान किया जाए, तो संक्रमण से बचाव संभव हो सकता है.उन्होंने कहा यदि एक ही माउथपीस का उपयोग पुलिस की जांच में हो रहा है, तो संक्रमण से लोगों को निमोनिया, टीवी, वायरल, डायरिया, टाइफाइड और अन्य गंभीर बीमारियां हो सकती हैं. ऐसी स्थिति में पुलिस को ब्रेक एनालिसिस के माउसपीस को या तो हर बार सेनेटाइज करना चाहिए, या फिर उसे बदलकर ही अन्य व्यक्ति की अल्कोहल स्कैनिंग किया जाना चाहिए।

# पुलिस पस्त है बेखौफ अपराधी मस्त है

अमन लेखनी समाचार

बंथरा। नगर पंचायत बंथरा में पिछले कुछ दिनों से चोरी सहित अन्य अपराध बढ़ गए हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस की नियमित रूप से गश्त नहीं होने के कारण चोरी की घटनाओं में इजाफा हुआ है। वहीं हर वर्ष की तरह इस बार भी ठंड के मौसम में चोरी की घटनाएं और बढ़ने की आशंका है। ऐसे में लोगों ने रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने की मांग की है। स्थानीय लोगों से बातचीत की गई। जिसमें 70 फीसदी से ज्यादा लोगों का कहना था कि पुलिस की गश्त कमजोर है। क्षेत्र के अधिकांश वार्डों के नागरिकों का कहना है कि वार्डों में एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गश्ती नहीं की जा रही है वहीं दूसरी तरफ ठंड की शुरूआत में ही चोरों ने वारदातों को अंजाम देना भी शुरू कर दिया है। पूर्व में ही चोरी और लूट के मामलों का खुलासा नहीं होने से भी पुलिस की कार्यप्रणालियों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्र का इतिहास रहा है कि ठंड के बढ़ते ही चोरियों की वारदातें बढ़ जाती हैं, क्योंकि ठंड में पुलिस की गश्त नहीं होती है। पुलिस द्वारा रात में विशेष गश्ती के दावे तो किए जाते हैं लेकिन शहर के विभिन्न वार्डों में रहने वाले लोग पुलिस द्वारा गश्ती नहीं करने की बात कह रहे हैं। पिछले सालों के अनुभवों को देखा जाए तो ठंड में अपेक्षाकृत चोरियां ज्यादा होती हैं, जिसका महत्वपूर्ण कारण रात में लोग जल्दी गहरी नींद में सो जाते हैं ठंड से बचने के लिए हल्की आहट होने के बाद भी वे ठंड के कारण उठना पसंद नहीं करते और चोर इसका लाभ उठाते हैं। बेखौफ चोर क्षेत्र में लगातार सक्रिय है। हिस्ट्रीशीटर खुलेआम घूम रहे है। लेकिन पुलिस महकमें में इसका जू भी नहीं रेंग रहा है। इस महकमे के उच्चाधिकारी भी इस ओर अपना ध्यान नहीं दे रहे है।

# गड्ढों में तब्दील हुई सड़क, राहगीर परेशान, जिम्मेदार मौन

अमन लेखनी समाचार



बंथरा। सरोजनीनगर विधानसभा के तमाम गांवों की सड़के गड्ढों में तब्दील हो गई है। लेकिन जिम्मेदार हाथ पर हाथ रखकर बैठे हुए है। ऐसा ही हाल ग्राम सभा गढ़ी चुनौटी का है। गढ़ी गांव की सड़क काफी दिनों से टूटी पड़ी हुई है। जिसका जिक्र कई बार क्षेत्रिय लोगों के द्वारा जनप्रतिनिधियो से लेकर अन्य जिम्मेदारो तक किया गया लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नही हुई। इतना ही नहीं कई बार समाचार पत्रों के माध्यम से भी इस टूटी हुई सड़क का प्रकाशन किया गया बावजूद इसके अभी तक न ही इस सड़क की मरम्मती की गई ओर न ही इसे बनवाया गया। बताते चले कि इसी सड़क से ही नौनिहाल स्कूल को आते जाते है उनके पैरों को सड़क पर पड़े रोड़े जख्मी कर देते है। गांव में 7सौ से 8सौ के दरमियान लोग रहते है सभी इस सड़क से आते जाते है। गांव का मुख्य मार्ग भी यही है लेकिन आज तक इस सड़क को जिम्मेदारों के द्वारा बनाया नही गया है। सड़क पर कई बार तो हादसे भी हुए कई लोग जख्मी भी हो गए लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा अभी तक इस सड़क को बनाया नहीं गया है। सड़क को बनाने के लिए कोई भी काम नहीं किया गया है। जिससे गांव के लोग परेशान हैं। आने जाने में उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आय दिन दुर्घटना होने का अंदेशा भी बना रहता है।

# गांव की शान : विधायक डॉ. राजेश्वर द्वारा 4 मेधावियों को साईकिल प्रदान कर किया सम्मानित

## जनता और सरकार के बीच मजबूत कड़ी है 'आपका विधायक - आपके द्वार' जन संवाद शिविर - डॉ. राजेश्वर सिंह

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को उनके द्वार तक पहुंचाने तथा मेधावियों व गाँव के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करने के उद्देश से शुरू की गयी 'आपका विधायक - आपके द्वार' जन संवाद शिविर की साप्ताहिक पहल 100 से अधिक आयोजनों का कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है। रविवार को सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के कूडाईटगांव, मजरा असरखेड़ा में 101वें 'आपका विधायक - आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं एवं सुझावों को साझा किया।

शिविर के दौरान ग्रामवासियों ने आवास, स्ट्रीट व सोलर लाइट, निराश्रित महिला पेंशन और किसान सम्मान निधि से संबंधित 30 से अधिक आवेदन प्रस्तुत किए। इन सभी समस्याओं पर विधायक की टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। शिविर के दौरान 'गाँव की शान' पहल के तहत गाँव के होनहार विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने केसतत संकल्प क्रम में इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 2 मेधावियों अनामिका सिंह (79.8%), नैतिक पाल (71.8%) तथा हाईस्कूल परीक्षा में सबसे ज्यादा अंक लाने वाले 2 मेधावियों मोहिनी (79.17%) और धीरज पाल (72.17%) को साइकिल, दीवार घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा युवाओं को खेल संसाधन उपलब्ध कराने के क्रम में लगातर यूथ क्लबों की



स्थापना भी की जा रही है, रविवार को आपका विधायक - आपके द्वार जन सुनवाई शिविर के दौरान 56 वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन कर कैरम, वॉलीबॉल, फुटबॉल आदि खेलों की स्पोर्ट्स किट प्रदान की गयी। शिविर के दौरान ग्राम प्रधान राम चन्द्र, सकरा प्रधान दिलीप मौर्या, बूथ अध्यक्ष बाबू पाल, समूह अध्यक्ष मधु सिंह, रेखा, गीता, सखी सोनी वर्मा एवं विमला, तथा वरिष्ठ नागरिक छोटे लाल एवं भगवती को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान सभी उपस्थित क्षेत्रवासियों को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा शुरू की गयी ताराशक्ति निःशुल्क रसोई के माध्यम से ताजा एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया।

### गहरवारा पहुंची डॉ. राजेश्वर सिंह की विकास दर्शन रथयात्रा, उत्साहित नजर आये ग्रामीण

सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के अंतिम छोर तक पहुंचाने, हर लाभार्थी को योजनओं से जोड़ने तथा जनता से विकास सम्बंधित सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से 'सरोजनीनगर विकास दर्शन रथ यात्रा' संचालित है। रविवार को ग्राम पंचायत गहरवारा के मजरा रेवारी पहुंची यात्रा का ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। जनसंघ के समय के कार्यकर्ता, आपातकाल में 19 महीने जेल काटने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता एवं बूथ अध्यक्ष विजय कुमार द्विवेदी को सम्मानित कर यात्रा की शुरूआत हुई। इस दौरान विधायक की टीम द्वारा क्षेत्र में कराये जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि सरोजनीनगर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 140 से अधिक सिलाई सेंटर खुलवाए गए, तारा शक्ति निःशुल्क रसोई के माध्यम से प्रतिदिन 400 जरुरत मंदों को ताजा, पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रयासों से अब तक मुख्यमंत्री रहत कोष से 700 से अधिक जरुरतमंदों को 15 करोड़ से अधिक की सहायता राशि उपलब्ध करवाई गयी, लखनऊ विश्व विद्यालय के कृषि संकाय, अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय कैम्पस के लिए भूमि आवंटन, नीवा में आईटीआई की स्थापना, लातीफनगर में गर्ल्स डिग्री कॉलेज भवन के भवन के पुनर्निर्माण के लिए धनराशी स्वीकृत करवाई गयी। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने क्षेत्र के विकास सम्बंधित सुझावों से भी विधायक की टीम को अवगत कराया। यात्रा के दौरान ग्राम प्रधान गहरवारा शिव कुमार, पूर्व ब्लाक प्रमुख राम विलास, अजय सिंह यादव, सोनू यादव, अर्मेंद्र सिंह चौहान, अजीत कुमार यादव, विजय कुमार, संतराम, सुरेन्द्र रावत, समूह सखी आशा, सरस्वती, आरती यादव, आरती सिंह, कोमल यादव, अमर सिंह यादव, मनोज पाल, नीरज मौर्या, पिंटू राजपूत, सुनीत रावत, शैलेन्द्र यादव, मुनेश्वर गौतम, बब्लू शर्मा एवं अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

# पार्षद रामनरेश रावत ने इंटरलॉकिंग रोड और पक्की नाली निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

## गंदा पानी पूरे रास्ते में फैलने से मस्जिद में नमाज पढ़ने जाने में लोगों को हो रही थी दिक्कत, रामनरेश रावत

अमल लेखनी समाचार




**सरोजनीनगर, लखनऊ।** सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड के पार्षद रामनरेश रावत एडवोकेट ने रविवार को अपने वार्ड में इंटरलॉकिंग रोड और पक्की नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह शिलान्यास पूजा पाठ के साथ ही शशि प्रकाश सिंह से नारियल तुड़वाकर किया गया। पार्षद ने बताया कि वार्ड में अवध विहार कॉलोनी स्थित रफीक के घर से शशि प्रकाश सिंह के घर होते हुए आमिर जनरल स्टोर तक करीब 130 मीटर लंबे कच्चे रास्ते को नगर निगम निधि के 10 लाख रुपए से इंटरलॉकिंग सड़क में परिवर्तित किया जाएगा। साथ ही बगल में पक्की नाली का निर्माण भी होगा। उन्होंने बताया कि अभी तक कच्चा रास्ता और नाली ना बने होने के कारण घरों से निकला गंदा पानी पूरे रास्ते में फैल कर बहता था। जल निकासी न होने की वजह से रास्ते में हमेशा जल भराव बना रहता था। लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतें होती थी। इसकी वजह से लोग मस्जिद में नमाज पढ़ने नहीं जा पा रहे थे। लेकिन अब इंटरलॉकिंग सड़क और पक्की नाली बन जाने से उनकी यह समस्या दूर हो जाएगी। सभी लोग आसानी से इस रास्ते से आ जा सकेंगे। पार्षद ने बताया कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विधायक राजेश्वर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष केके श्रीवास्तव और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के सहयोग से यह कार्य होने जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान प्रीतम सिंह, अनिल दुबे, संतोष त्रिपाठी, जयराम यादव, उमाशंकर वर्मा, रामगोपाल रावत, फूलचंद गौतम, सूर्य प्रकाश मिश्रा, आरिफ खान, अमरुद्दीन खान, रामनरेश, समीम खान, मोइन खान, उमर खान, अजय सिंह, मोहम्मद अशरफ, इरफान, अजय सिंह, अहमद याकूब और सुनील शुक्ला सहित कॉलोनी के तमाम लोग मौजूद रहे।

# रोमांचक मुकाबलों के साथ सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग में दिखा खेल भावना का अद्भुत प्रदर्शन

## खेल और शिक्षा के माध्यम से सरोजनीनगर को नई ऊंचाइयों पर ले जाते डॉ. राजेश्वर सिंह

- **पहला मैच – टाइटन वॉरियर्स ने कुरौनी क्रिकेट क्लब को रोमांचक मुकाबले में मात्र 2 रनों से हराया।**

**दूसरा मैच – सुपर स्ट्राइकर्स ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टॉक्सिक 11 को 26 रनों से हराया।**

**तीसरा मैच में टीआरसी स्पोर्ट्स क्लब ने कड़े मुकाबले में बप्पा श्री नारायण क्लब पर 2 विकेट से जीत दर्ज की।**

**चौथा मैच – अंतिम मैच में बाबा के धुरंधर ने अपने दमदार प्रदर्शन से चंद्रावल टाइगर्स को 7 विकेट से शिकस्त दी।**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को उनकी प्रतिभा निखारने का मंच प्रदान करने के उद्देश्य से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही है। इस लीग के छठे चरण में आयोजित क्रिकेट चैंपियनशिप में 160 से अधिक स्कूल और क्लब की टीमों के 2500 से ज्यादा खिलाड़ी अपना कौशल प्रदर्शित कर रहे हैं। लीक के आठवें दिन तक कुल 30 लीग मैचों का सफल आयोजन किया जा चुका है।

रविवार को कानपुर रोड स्थित जय जगत पार्क में खेले गए इंटर-क्लब मुकाबलों में खिलाड़ियों और दर्शकों का जोश चरम पर था। पहले मैच में टाइटन वॉरियर्स और कुरौनी क्रिकेट क्लब के बीच हुए बेहद रोमांचक खेल ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुपर स्ट्राइकर्स और टॉक्सिक 11 के बीच हुए मुकाबले में सुपर स्ट्राइकर्स ने अपनी उत्कृष्ट बल्लेबाजी और गेंदबाजी से 26 रनों की जीत हासिल की। इसी तरह, टीआरसी स्पोर्ट्स क्लब और बप्पा श्री नारायण क्लब के बीच का मुकाबला भी बेहद दिलचस्प रहा, जिसमें टीआरसी स्पोर्ट्स क्लब ने अंतिम ओवर में 2 विकेट से जीत दर्ज की। दिन के अंतिम मुकाबले में बाबा के धुरंधर ने चंद्रावल टाइगर्स को एकतरफा मुकाबले में 7 विकेट से पराजित किया।

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, खेल युवा पीढ़ी के शारीरिक, मानसिक और व्यक्तित्व विकास का आधार हैं। सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को न केवल पहचान दिलाना है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। डॉ. सिंह के प्रयासों से सरोजनीनगर में खेलों की संस्कृति ने नई ऊंचाइयां छुई हैं। इस आयोजन ने न केवल युवाओं, बल्कि क्षेत्रीय जनता में भी उत्साह और उम्मीद का नया संचार किया है। यह लीग सरोजनीनगर के लिए खेलों के एक स्वर्णिम युग की शुरूआत है।

# रालोद नेता अनिल दुबे ने प्राइवेट वाहन चालकों को पेंशन राशि एवं दुर्घटना बीमा का लाभ देने की सरकार से मांग की

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ । राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता अनिल दुबे ने प्राइवेट वाहन चालकों को 5000 रुपए पेंशन राशि देने, 15 लाख रुपए दुर्घटना बीमा देने, आयुष्मान योजना का लाभ देने व सरकार द्वारा निर्धारित वेतन को लागू करने की मांग करते हुए कहा है कि वे इसे लागू कराने के लिए रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को वाहन चालकों की समस्याओं से अवगत कराएंगे।

श्री दुबे आज उत्तर प्रदेश प्राइवेट वाहन चालक यूनियन के 11वे स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन में प्राइवेट वाहन चालकों को विश्वास दिलाया कि राष्ट्रीय लोकदल जायज मांगों के लिए उनके साथ पूरी तरह से खड़ा रहेगा इस सम्बन्ध में वे प्रदेश के परिवहन मंत्री से भी मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में एन डी ए की सरकार है जो किसानों मजदूरों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं और उनके विकास के लिए प्रयत्न शील है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल उनके साथ अन्याय नहीं होने देगा।

वाहन चालक यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश कश्यप व महामंत्री अमित यादव ने अनिल दुबे का स्वागत करते हुए उन्हें वाहन चालकों की समस्याओं से अवगत कराया और उनके निराकरण हेतु सहयोग का अनुरोध किया। समारोह में चंद्र शेखर ,मस्त राम पाण्डे,तरुण कन्नौजिया, रंजीत सिंह, राम गोपाल कश्यप, महेंद्र कुमार, राम किशोर पाल धनगर, रमेश कुमार यादव, रास नारायण तिवारी मुन्ना राय सहित बड़ी संख्या में वाहन चालकों ने हिस्सा लिया।

# किसान की गला रेत कर हत्या का प्रयास,खेत में खून से लतपथ हालत में पड़ा मिला

## पत्नी की तहरीर पर पुलिस तीन के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर हिरासत में लेकर पुछताछ में जुटी

अमल लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के दीवानगंज गांव में शनिवार की रात खेत में सोने गये किसान की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या करने का प्रयास किया गया ।रविवार की सुबह किसान के घर ना पहुंचने पर पत्नी खोजते हुये खेत पहुंची तो वहा खून से लतपथ मरणासन्न हालत में पति को पड़ा देख चीख पड़ी ।जिसके बाद मौके पर ग्रामीणो की भीड़ जमा हो गयी।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घायल किसान को इलाज के लिये सीएचसी लेकर गयी,जहां मौजूद डाक्टर ने किसान की हालत गम्भीर देख ट्रामा टू रेफर कर दिया ? ।जिसके बाद परिजन घायल किसान को इलाज के लिये ट्रामा टू लेकर पहुंचे जहां भर्ती कर किसान का इलाज जारी है ? ओर हालत नाजुक बनी हुयी है ।घायल किसान का मोबाइल फोन व पैसे भी गायब थे।

पीड़ित पत्नी ने पुरानी रंजिश में पति पर दो सगे भाईयो समेत तीन के विरूद्व जानलेवा हमले का आरोप लगाते हुये पुलिस को कार्यवाही के लिये तहरीर दी ।पुलिस तीनो के विरूद्व हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी है ।मोहनलालगंज के दीवानगंज गांव स्थित ननिहाल में किसान अरूण कुमार अपनी पत्नी सुमन व बच्चो के साथ रहते है ।पत्नी सुमन ने बताया शनिवार की रात आठ बजे के करीब घर से खाना खाकर पति खेत में सोने के लिये चले गये थे,रविवार की सुबह



पति के घर ना पहुंचने पर मोबाइल फोन मिलाया तो स्वीच आंफ बता रहा था ।जिसके बाद बेटे संग खेत पहुंची तो खेत में पेड़ के नीचे पुआल पर पति अरूण कुमार खून से लतपथ हालत में पड़े हुये थे ओर उनका गला धारदार हथियार से रेता हुआ था ।पति का मोबाइल फो ?न व पैसे भी गायब थे ।पत्नी सुमन व बेटे की चीख सुनकर आस-पास खेतो में मौजूद किसानो समेत ग्रामीणो की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गयी ।ग्रामीणो की सूचना के बाद इंस्पेक्टर अमर सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर घायल किसान को इलाज के लिये सीएचसी भेजा ।जहां मौजूद डाक्टर ने किसान की हालत गम्भीर देख ट्रामा टू रेफर कर दिया ।जिसके बाद परिजन एम्बुलेंस से किसान को ट्रामा टू लेकर गये,जहां भर्ती कर किसान का इलाज जारी है ओर हालत गम्भीर बनी हुयी है ।पत्नी सुमन ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है गांव के अवधेश व दो सगे भाईयो लवकुश व अकुंश से पूर्व में विवाद हुआ था,तीनो ने पति को जान से मारने की धमकी दी थी ।इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया पीड़िता की तहरीर पर तीन के विरूद्व हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर नामजद किये गये दो आरोपियो को हिरासत में लेकर पुछताछ की जा रही हैं।

## संक्षेप

### अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। रेलवे ट्रैक पर गेट संख्या 39 के आगे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस का मानना है कि प्रथमदृष्टया प्रतीत होता है कि युवक ने किसी ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की रात एक अज्ञात युवक की बांदा कानपुर रेलवे ट्रैक पर यमुना साउथ बैंक की ओर गेट संख्या 39 से करीब दो किलोमीटर आगे की ओर किसी ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। सुबह जब लोगों ने रेलवे ट्रैक पर शव को देखा तो पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने बताया कि शव के शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।अभी शव को मोर्चरी में रखवाया गया है।

### ओवरटेक बना हादसे की वजह

भरुआ, सुमेरपुर।शनिवार को देर रात कस्बे के पेट्रोल पंप के पास हुए भीषण हादसे की वजह ओवरटेक बताया जा रहा है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार जो डंपर ट्रक से भिड़ा है।उस डंपर को पीछे से आ रहे डंपर ने ओवरटेक किया और तेजी के साथ गुजर गया। इस घटना में ट्रक चालक के साथ डंपर चालक और अनियंत्रित होकर आमने-सामने टकरा गए और एक दर्दनाक हादसा हो गया। बताते हैं कि जिस डंपर ने डंपर को ओवरटेक किया था। उसकी डीजल टंकी फट गई थी और उसे डीजल बहने लगा था।जिसके निशान हाईवे में घटना के बाद काफी दूर तक लोगों ने देखे थे।

### बारह घंटे में पांच मौतों से दहल गया पुलिस महकमा

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। शनिवार की दोपहर से शुरू हुआ मौतों का सिलसिला अर्धरात्रि में जाकर थमा। 12 घंटे में पांच मौतों से पुलिस महकमा भी थर्रा उठा है। रविवार को पुलिस दिनभर पंचनामा पोस्टमार्टम की कार्यवाही में व्यस्त रही। शनिवार को अलग अलग घटनाओं में थाना क्षेत्र में पांच मौतें हुईं। शनिवार को दोपहर 12 बजे के बाद हाईवे में कुण्डौरा के समीप कंटेनर ने दो युवकों को टक्कर मार दी थी। एक युवक धर्मेंद्र कुमार निवासी पौथिया की सदर अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस अभी इस कार्यवाही से फारिग भी नहीं हुई हो सकी थी। इसी बीच 6 बजे कस्बे के इमिलिया थोक में बृजेंद्र वर्मा ने फांसी लगा ली। पुलिस इस शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी पहुंचाने की जुगत में लगी थी। इसी बीच हाईवे में हुए भीषण हादसे में दो लोग जिंदा जल गए। रात 12 बजे तक पुलिस इन शवों को सहेजने में जुटी रही। सुबह नींद भी नहीं खुली थी। इसी बीच सूचना मिली कि यमुना साउथ बैंक स्टेशन के पास आधी रात में एक व्यक्ति ट्रेन से कट गया था।एक साथ हुई इन घटनाओं से पुलिस महकमा भी सकते में आ गया है।

# 50 बेड निर्मित आयुष चिकित्सालय का सीडीओ ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास खण्ड बिछिया की ग्राम पंचायत तौरा में नर्मित 50 बेड आयुष चिकित्सालय का सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चल रहे निर्माण कार्य में गुणवत्त डीक न मिलने पर नाराजगी जाहिर की है और सुधार करने के निदेश दिए हैं 50 बेड के आयुष चिकित्सालय का निर्माण लगभग 8.16 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। निरीक्षण के दौरान, प्रेम प्रकाश मीणा ने अस्पताल के विभिन्न हिस्सों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने कमरों के अंदर और बरामदों की फ्लोरिंग, प्लास्टर, खिड़कियों की गुणवत्ता तथा बाहर लगे इंटरलॉकिंग कार्य का जायजा लिया। इस निरीक्षण में कुछ नर्माण कारें की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गईं। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निदशित किया कि वे 15 दिनों के भीतर इन निर्माण कार्यों को ठीक कर लें और सुधार के बारे में उन्हें बताए अस्पताल की सुविधाएं और उद्देश्य इस आयुष चिकित्सालय के निर्माण से जिला उन्नावऔर आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोगों कोआयुष पद्धतियों से उपचार प्राप्त करने में स्हूलियत होगी। इस अस्पताल में आ युर्वद, योगा, यूनानी और होम्योपैथी सहित सभी प्रमुख आयुष विधाओं के तहत रोगियों का इलाज किया जाएगा।

डससे स्थानीय लोगों को दूसरे जिलों जाकर इलाज कराने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा मिलेंगी अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिनमें अल्ट्रासाउंड, रक्त परीक्षण सहित कई प्रकार की जांच शामिल हैं। इसके अलावा, यहां नेचुरोपैथी, होम्योपैथी, आयुष, पंचकर्म जैसे उपचार भी उपलब्ध होंगे। विशेष रूप से अर्श और भगंदर जैसी बीमारियों का इलाज क्षार सूत्र विधि से किया जाएगा, जो आयुष चिकित्सा पद्धतियों का मह्वपूर्ण हिस्सा है।इस चिकित्सालय के शुरू होने से क्षत्र के लोगों को बेहतर ष्वास्य सेवाएं मिलेंगी, और वे बिना दूर-दराज के अस्पतालों में जाने के अपने इलाज की प्रक्रिया को आसान बना सकें।

आयुष पद्धतियों के माध्यमसे उन्हेंप्राकृतिक प्रभावी उपचार प्राप्त होगा।इसके अलावा, अस्पताल में दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं से जनपद उन्नाव के चिकित्सा क्षेत्र में भी एकनया अध्याय जुड़ जाएगा।इस दौरान डा. कप्तान सिंह जिला आयुरवेदिक एवं यूनानी चिकित्सा अधिकारी, शीलेश कुमार सिंह,अधिशाषी अभियन्ता शारदा नहर, हेमेन्द्रकुमार अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-1, उन्नाव, एवं ए०के० गुप्ता, सहायक अभियन्ता लो०नि०वि सहित कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के सहायकपरियोजना अभियन्ता मौके पर उपस्थित थे। दूर-दराज नहीं जाना पडेगा इस चिकित्सालय के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को 'बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी, और वे बिना दूर-दराज के अस्पतालों में जाने के अपने इलाज की प्रक्रिया को आसान बना सकेंगे। आयुष पद्धतियों के माध्यम से उ्हेंपरकृतिक और प्रभावी उपचार प्राप्त होगा।

इसके अलावा, अस्पताल में दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं से जनपद उन्नाव के चिकित्सा क्षेत्र में भी एक नया अध्याय जुड़ जाएगा। इन लोगों की रही मौजूदगी इस दौरान डा. कप्तान सिंह, जिला आयुवेदिक एवयूनानी चिकित्सा अधिकारी, शैलेश कुमार सिंह,अधिशाषी अभियन्ता शारदा नहर, हेमेन्द्र कुमारअधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-1, उत्राव, एवं ए०के० गुप्ता, सहायक अभियन्ता लोठनि०वि सहित कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के सहायक परियोजना अभियन्ता मौके पर उपस्थित थे।

# अंडर पास बनाने को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रर्दशन

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के लहबरपुर गांव के पास बन रहे गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण पर स्थानीय ग्रामीणों ने अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर धरना शुरू कर दिया। सैकड़ों ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर प्रशासन और अधिकारियों पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। धरने का नेतृत्व कर रहे लहबरपुर निवासी अधिवक्ता राजवीर सिंह चंदेल, अमित, अभिनव और शिवशंकर ने कहा कि एक्सप्रेसवे निर्माण से पहले अधिकारियों ने गांव में अंडरपास बनाए जाने का आश्वासन दिय था। लेकिन अब ग्रामीणों की आवाज अनसुनी की जा रही है। उन्होंने कहा, ₹अंडरपास नहीं बनने सेखेतों और घरों की कनेक्टिविटी टूट जाएगी, जिससेकिसानों और गांव के लोगों को भारी मुश्किलें झेलनी पड़ेंगी। ग्रामीणों ने अपनी समस्या को लेकर स्थानीय विधायक बंबा लाल दिवाकर और जिलाधिकारी गौरांग राठी से शिकायत की है। उनका कहना है कि अंडरपास नहीं बनने से उनकी रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित होगी। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं डईं, तो वह एक्सप्रेसवे निर्माण को पूरी तरह बाधित कर देंगे। विधायक ने दिया आश्वासन विधायक बंबा लाल दिवाकर ने कहा, ₹मैंग्रामीणों की समस्या सेपूरी तरह अवगत हूं। अंडरपास निर्माण के लिए संबंधित अधिकारियों से बातचीत की जाएगी और जल्द ही समाधान सुनिश्चित किय जाएगा।₹ जिलाधिकारी गौरांग राठी ने भी मामले को गंभीरता से लेने का भरोसा दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन को एक सप्ताह का समय देते हुए चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं।हुईं, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे दूसरी ओर एक्सप्रेसवे निर्माण में बाधा आने से परियोजना की समय सीमा पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

# बंदरो के आतंक से ग्रामीणों में दहशत



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विकास खण्ड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के मरौंदा मे बंदरों के आतंक से ग्रामीण लोगो मे दहसत का माहौल बना हुआ है लगभग 100 से जायदा बंदर हो गए बंदर लोगो के घरों मे झुंड के साथ घुस जाते है और घर मे रखे कपड़ा खाना उठा लाते हैं लोग अपनी छत पर कपड़ा सुखाने के लिए डालते हैं तो कपड़े भी उठा ले जाते हैं काट देते है लोग कपडे इतनी सर्दी के मौसम मे धुप की वजह से लोग कपडे सूखने के लिए छत पर डाल देते थे वो भी बंद कर दिया अभी कुछ दिन पहले सर्वेश रैदास पुत्र स्वः रतन रैदास (35)अपनी दुकान पे जा रहे थे की रास्ते मे बन्दर ने हमला कर दिया और उनके हाथ मे काट लिया था काभी मांस भी निकल गया था जिससे तुरंत उसने उपचार कराया फिलहाल इलाज चल रहा इससे ग्रामीण और ज्यादा दहशत में आ गए हैं ग्रामीणों का कहना है कि दिन पर दिन बंदर की संख्या बढ़ती जा रही है जल्द से जल्द इन बंदरों से निजात पाने के लिए कोई ठोस कदम उठाना पड़ेगा !

# अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी ने कोतवाली का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) प्रेमचंद्र ने रविवार को सफीपुर कोतवाली का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) माया राय और प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कोतवाली का संपूर्ण रिकॉर्ड, कार्यालय व्यवस्था, शस्त्रागार, बैरक और अपराध रजिस्टर सहित अन्य दस्तावेजों की गहन जांच की गई। निरीक्षण के बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली की व्यवस्था को संतोषजनक बताया। उन्होंने साफ-सफाई, फाइलिंग सिस्टम और मामलों की त्वरित जांच-पड़ताल को लेकर की गई कार्यवाही की सराहना की। साथ ही उन्होंने कर्मियों को अनुशासन बनाए रखने और जनता के साथ संवाद को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मियों की प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से महिला सुरक्षा और साइबर अपराधों के मामलों में तेजी लाने पर जोर दिया।प्रेमचंद्र ने सभी पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि वह समय-समय पर अपनी जिम्मेदारियों का पुनर्मूल्यांकन करें और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें।कोतवाली प्रभारी श्याम नारायण सिंह ने बताया कि पुलिस विभाग लगातार अपने काम में सुधार लाने का प्रयास कर रहा है। निरीक्षण के दौरान सभी रिकॉर्ड और सुविधाएं दुरुस्त पाई गईं।इस निरीक्षण के बाद क्षेत्र में पुलिस प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास और मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# नकली अल्ट्राटेक सीमेंट बनाने व बेचने पर ट्रक चालक व मालिक के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। अल्ट्राटेक के नाम से नकली सीमेंट की सूचना पर कंपनी द्वारा अधिकृत प्रबंधक ने मौदहा कोतवाली में तहरीर देकर ट्रक चालक व मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है। अल्ट्राटेक सीमेन्ट कंपनी से संबंधित आईआई आरआईएस कंपनी के प्रबंधक कमल सिंह पुत्र रूप सिंह निवासी यूनिटेक साइबर पार्क, सेक्टर 39 गुरुग्राम हरियाणा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया है कि वह अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड द्वारा नकली अल्ट्राटेक सीमेंट बनाने व बेचने वालों के खिलाफ शिकायत करने के लिए अधिकृत है। कंपनी को सूचना मिली थी कि मौदहा में जीएसटी सचल दल द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट से लदा एक ट्रक पकड़ा गया है जिसमें नकली सीमेंट हो सकता है। जिसकी सूचना पर उन्होंने एसआई श्यामबाबू तिवारी, हेड कांस्टेबल राजीव कुमार व अपने सहयोगी अजय कुमार सिंह पुन्ढीर के साथ कृषि उत्पादन मंडी समिति मौदहा में सुरक्षा कर्मी पीआरडी सुशील व सिक्योरिटी गार्ड रामबाबू की मौजूदगी में मंडी में खड़े ट्रक में 298 बैग सीमेंट से भरे अल्ट्राटेक सीमेंट की नकली पैकिंग देखी। और एक बैग बतौर नमूना एक सफेद प्लास्टिक के बोरे में सीलबंद किया। उन्होंने ट्रक चालक व मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है।

# टक्कर के बाद सिलिंडर फटने से भड़की आग में जले थे चालक खलासी

फॉलोअप

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। शनिवार को रात करीब 8.30 बजे हाईवे पर नवीन गल्ला मंडी सुमेरपुर के समीप पेट्रोल पंप के सामने डंपर एवं पशु आहार लदे ट्रक में हुई आमने-सामने टक्कर में गैस सिलेंडर फटने से आग भड़की थी और ट्रक का चालक खलासी के साथ केबिन में फंसकर जिंदा जल गया था। आग ने शराब लेने आए ग्राहकों की खड़ी दो बाइकों के साथ ट्रैक्टर एजेंसी के बाहर रखे कृषि यंत्रों को भी खाक कर दिया। तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझ जरूर गई लेकिन पशु आहार लदा ट्रक सुबह तक सुलगता रहा। यहां रात से लेकर रविवार को दिनभर तमाशबीनों का मजमा लगा रहा।

शनिवार को रात करीब 8.30 बजे एक ट्रक पशु आहार लादकर कानपुर से भोपाल जा रहा था जबकि डंपर कबरई से डस्ट लादकर कानपुर की तरफ जा रहा था। सुमेरपुर कस्बे में पेट्रोल पंप के ठीक सामने दोनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर होने के बाद चंद सेकंड में एक जोरदार धमाका हुआ और चारों तरफ आग फैल गई। यह धमाका पशु आहार लदे ट्रक की केबिन में रखे छोटे गैस सिलिंडर फटने से हुआ और ट्रक के चालक व खलासी को संभलने का मौका नहीं मिला। दोनों केबिन के अंदर ही जिंदा जलकर खाक हो गए। आग का बवंडर इतना तीव्र था कि उसने शराब ठेके के बाहर खड़ी दो बाईकों को अपनी चपेट में लेकर खाक कर दिया और समीप ही ट्रैक्टर एजेंसी के बाहर रखे कृषि यंत्रों को जला दिया। फायर ब्रिगेड की तत्परता से आग को बढ़ने से रोक दिया और तीन फायर बिग्रेड मशीनों ने आग पर काबू पाया। एक बाइक कस्बा निवासी वरदानी सोनकर की बताई जा रही है। जबकि दूसरी बाइक का अभी तक पता नहीं चल सका है। ट्रक की केबिन में फंसकर चालक शिवशरण कुमार सोनी 54 वर्ष निवासी असोह थाना पहाड़ी चित्रकूट के रूप में शिनाख्त ट्रक मालिक श्याम बिहारी त्रिपाठी निवासी यशोदा नगर कानपुर ने रविवार को थाने में आकर की है। ट्रक मालिक ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि वह खलासी को नहीं जानते हैं। वह पहली मर्तबा ही चालक के साथ जा रहा था। ट्रक कानपुर से पशु आहार लेकर भोपाल जा रहा था। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद रात 11 बजे आग पर काबू पाया और केबिन में जलकर खाक हुए चालक और खलासी के शवों को निकालकर मोर्चरी पहुंचाया था। इस घटना को देखने के लिए शनिवार रात से लेकर रविवार को दिनभर घटनास्थल पर लोगों का मजमा लगा रहा।

# देवरिया में सगाई के बाद प्रेमी संग भागी युवती

- नकदी और आभूषण ले गई साथ, पिता ने 3 लोगों पर दर्ज कराया एफआईआर



अमन लेखनी समाचार

देवरिया,सगाई के बाद युवती मां-पिता को चकमा देकर जेवरात और नकदी लेकर प्रेमी संग फरार हो गई है। वहीं युवती के कदम से हैरान पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी बड़े अरमानों से माता-पिता ने तय किया था। दिसंबर महीने के दूसरे सप्ताह में दोनों पक्षों की मौजूदगी में धूमधाम से सगाई संपन्न हुई। वर पक्ष और वधू पक्ष की आपसी सहमति से मई महीने में विवाह की तिथि भी तय हो गई। वहीं युवती का गांव के ही एक युवक से प्रेम संबंध था। जिससे युवती के परिजन अनजान थे। दोनों मोबाइल पर बातचीत करते थे। शादी के लिए घर में 50 हजार रुपए और आभूषण भी खरीद कर रख लिए गए थे। जिसकी जानकारी युवती को भली भांति थी। युवती की मां का आरोप है कि 26 दिसंबर की रात में गांव निवासी अजीत, रोशन और सायला देवी साजिश कर उनकी लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गए। फरार युवती की मां का आरोप है कि एक दिन पहले भी घर की बिजली काटकर युवक घर के अंदर घुस आया था।

# भाकियू अराजनैतिक की बैठक अरतरा में हुई सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। रविवार को क्षेत्र के ग्राम पंचायत अरतरा में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की बैठक जिलाध्यक्ष शिवपूजन निषाद, जिला कोषाध्यक्ष एवं सलाहकार रज्जू प्रसाद कुशवाहा आदि के नेतृत्व में चौपाल लगाकर किसान जागरूकता कार्यक्रम के तहत आयोजित की गयी। बैठक में ग्राम इकाई का गठन कर सर्वसम्मति से शिवप्रसाद अनुरागी पूर्व अध्यापक अरतरा को ग्राम अध्यक्ष मनोनीत किया गया। संगठन के अन्य पदाधिकारियों का भी चयन कर किसानों के मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में किसानों से संबंधित मुख्य मामले जैसे जंगली जानवरों से फसलों का नुकसान, 20 घंटे बिजली की उपलब्धता, सहकारी समितियों में यूरिया खाद की उपलब्धता तथा प्राईवेट खाद की दुकानों पर मनमानी करने सहित अन्य समस्याओं से सम्बंधित पदाधिकारियों को गांव वालों ने अवगत कराया। जिला कोषाध्यक्ष रज्जू प्रसाद कुशवाहा ने किसानों को बताया कि गांव में महीने की पहली तारीख की बैठक करना अति आवश्यक है क्योंकि जब तक किसान आपस में बैठक नहीं करेंगे तब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा। जिलाध्यक्ष शिवपूजन ने बताया कि आज हम लोग अगर एकजुट नहीं होते हैं तो आगे आने वाला समय हमें और आपको माफ नहीं करेगा क्योंकि सरकारों द्वारा किसानों को बहुत कुछ दिया जा रहा है परंतु किसान असंगठित होने के कारण जानकारी तक प्राप्त नहीं कर पाता और अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा बंदरबाट करने से किसानों का हक नहीं मिल पा रहा है।इसलिए संगठन गांव-गांव में बना करके एक बड़ी लड़ाई व आंदोलन की तैयारी करने की रणनीति के साथ पंचायत सम्पन्न हुई।इस बैठक में तहसील अध्यक्ष राजाराम निषाद, तहसील उपाध्यक्ष भुइयांदीन वर्मा, तहसील महासचिव अनिल कुमार शिवहरे आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अनशन के दसवें दिन जिम्मेदार अधिकारियों के सुध न लेने से अधिवक्ताओं में आक्रोश

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। कड़ाके की ठंड के बीच भ्रष्टाचार के विरुद्ध अधिवक्ताओं द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अनशन के दसवें दिन अधिवक्ता संघ अनशन स्थल पर डटा रहा। लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने अनशन स्थल पर जाकर अनशनकारियों की समस्याओं को जानना भी जरूरी नहीं समझा जिससे अधिवक्ताओं भारी आक्रोश पनप रहा है। बार एसोसिएशन के अधिवक्ता अनशन को गति देने के लिए सड़क जाम तथा अन्य कार्रवाई करने की बात कर रहे हैं। अनशन के दसवे दिन अधिवक्ता मोहम्मद शाहिद, अधिवक्ता परशुराम, अधिवक्ता विवेक दीक्षित ने अनशन स्थल पर बैठकर अनशन को गति प्रदान की। अधिवक्ता संयोग कुमार, शारदादीन प्रजापति, मूलचंद शुक्ला, सूर्यभान सिंह, उमाशंकर त्रिपाठी, सुधाकर शर्मा, कमलेश साहू, उमाशंकर, रमाकांत प्रजापति, इंद्रपाल प्रजापति, कृष्ण कुमार यादव आदि अधिवक्ता अनशन स्थल पर उपस्थित रहे और तहसीलदार मुदार्बाद के नारे लगाते हुए अपना आक्रोश दशार्या। अधिवक्ताओं ने यह भी बताया कि सोमवार को बार संघ के अधिवक्ता मीटिंग कर अगली रणनीति बनाएंगे। इसके बाद जिलाधिकारी से मिलते हुए अनशन का रूप बदलने का प्रयास किया जाएगा।

## पछुवा हवाओं से कांप उठा जर्रा जर्रा

### दिन भर नहीं हुए सूर्य के दर्शन

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। रविवार को तड़के से चली पछुआ हवाओं से जर्रा जर्रा कांप उठा। दिन भर सूर्य देव के दर्शन नहीं होने से लोग ठिठुरते नजर आए। शीतलहर से आम जनजीवन के साथ पशु पक्षी ठिठुरने लगे।रविवार को मौसम ने तड़के से फिर पलटी मारी। उत्तर पूर्व हवाओं के बजाय तेज पछुआ हवा चलने से जर्रा जर्रा कंपकंपाने लगा है। रविवार को दिनभर सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। हवाओं के चलने से गलन बढ़ गई है। आम जनमानस के साथ पशु पक्षी गलन से ठिठुरने लगे हैं। उधर सुबह कोहरा होने से कारण हाइवे सहित अन्य मार्गों में वाहन रेंगते नजर आए। वहीं किसान इस मौसम को फसलों के लिए बेहद मुफीद बता रहे हैं। कह रहे हैं कि इनसे फसलों की ग्रोथ बढ़ेगी और अच्छा उत्पादन होगा।

# राइफल के बल पर रेप का आरोपी गिरफ्तार

## शाहजहांपुर में दो दिन पहले हुई थी वारदात, असलहा और कपड़े-जूते छोड़कर भागा था

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, थाना कांट क्षेत्र में राइफल लेकर पड़ोस के घर में घुस कर महिला के साथ रेप करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है।27 दिसंबर की रात एक परिवार अपने घर के बरामदे में सो रहा था। महिला का पति और बच्चे वहीं मौजूद थे। इसी बीच पड़ोस का रहने वाला नीरज राइफल लेकर दीवार फांदकर घर में घुस आया। उसने महिला को राइफल के दम पर डराकर रसोई में ले जाकर उसके साथ रेप किया। महिला के पति की आंख खुली तो उसने आरोपी को भागते हुए देखा। आरोपी भागने के दौरान अपनी राइफल, कपड़े और जूते मौके पर छोड़ गया। पीड़िता के पति ने तुरंत थाने जाकर राइफल जमा कराई और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। थाना प्रभारी ने बताया, आरोपी की राइफल पीड़िता के पति ने थाने लाकर जमा कराई थी। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और आगे की जांच की जा रही है। पुलिस ने महिला का मेडिकल परीक्षण कराया है। मामले में सख्त कार्रवाई का आश्वासन देते हुए पुलिस ने कहा कि दोषी को कानून के तहत सजा दिलाई जाएगी।




# एक्सीडेंट में बाइक सवार की मौत

## रिश्तेदार से मिलने ससुराल आ रहा था, अस्पताल में था सिक्योरिटी गार्ड

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक ससुराल से रिश्तेदार के घर जाने के लिए निकला था। वापस लौटते समय मोहम्मदी के खजुआ के पास हादसा हुआ। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। शव को शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कालेज भेजा गया। यहां से पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक देहरादून में सिक्योरिटी गार्ड था। 15 दिन पहले शाहजहांपुर आया और पांच जनवरी को वापस देहरादून जाने वाला था। थाना सेहरामऊ के पसियानी गांव के रहने वाले विजय प्रताप सिंह देहरादून के अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड थे। पैर में चोट लगने के कारण विजय 15 दिन पहले घर आ गए थे। यहां बाइक से पत्नी और बच्चों को लेकर दो दिन पहले ससुराल गए थे। सुबह विजय बाइक से रिश्तेदार के घर गए थे। शाम में वापस लौटते समय खजुआ गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि हादसे की जानकारी मिली थी लेकिन टक्कर कौन से वाहन ने मारी है ये जानकारी नही मिल पाई है।

## सम्पादकीय

# चीन में ब्रह्मपुत्र पर बांध से भारत की बढ़ेगी दिक्कत

सीमा से इतर चीन एक और विवाद को जन्म दे रहा है। चीन ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बना कर जल को नियंत्रित करने का मंसूबा बना रहा है। चीन ने भारतीय सीमा के नजदीक तिब्बत में यारलुंग जांग्बो नदी (ब्रह्मपुत्र का तिब्बती नाम) पर दुनिया के सबसे बड़े बांध के निर्माण को मंजूरी दी है, जिससे भारत और बांग्लादेश की चिंता बढ़ना लाजिमी है। यह बांध परियोजना दुनिया की सबसे बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजना होगी, जिस पर 137 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत आएगी। यह बांध हिमालय की एक विशाल घाटी में बनाया जाएगा, जहां ब्रह्मपुत्र नदी एक विशाल 'यू-टर्न' लेकर अरुणाचल प्रदेश और फिर बांग्लादेश में बहती है। विश्व की छठी बड़ी नदी ब्रह्मपुत्र भौगोलिक रूप से कठिन परिस्थितिकी तंत्र वाली नदी है, जिसमें किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ इस क्षेत्र के लिए विनाशकारी साबित हो सकती है। चीन भीषण जल संकट से भी गुजर रहा है, तिब्बत क्षेत्र में जलापूर्ति के लक्ष्य के साथ चीन ब्रह्मपुत्र नदी पर पनबिजली प्रोजेक्ट बना रहा है। भारत व बांग्लादेश को इसका विरोध करना चाहिए और जलसंधि का पालन होना चाहिए। ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन के बड़े बांध को लेकर भारत की असल चिंता इसके जलप्रवाह को रोकने और शत्रुता के समय सीमावर्ती क्षेत्र में भारी मात्रा में पानी छोड़ने की स्थिति को लेकर है। यूं तो भारत भी अरुणाचल प्रदेश में ब्रह्मपुत्र पर बांध बना रहा है, पर यह जल नियंत्रण के लिए नहीं है, बल्कि नदी के खतरे को कम करने के लिए है। भारत व चीन के बीच एलएसी की तरह ब्रह्मपुत्र नदी विवाद भी नासूर की तरह है। भारत और चीन ने सीमा पार नदियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 2006 में एक विशेषज्ञ स्तरीय तंत्र (ईएलएम) की स्थापना की थी, जिसके तहत चीन बाढ़ के मौसम के दौरान भारत को ब्रह्मपुत्र नदी और सतलुज नदी पर जल विज्ञान संबंधी जानकारी प्रदान करता है। भारत, चीन के सीमा मुद्दों पर विशेष प्रतिनिधियों राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच 18 दिसंबर को यहां हुई वार्ता में सीमा पार की नदियों के बारे में डेटा साझा करने का मुद्दा उठा था। ब्रह्मपुत्र बांध में इंजीनियरिंग की बहुत बड़ी चुनौतियां हैं, क्योंकि परियोजना स्थल टेक्टोनिक प्लेट क्षेत्र से लगा हुआ है, जहां भूकंप आते हैं। पर चीन ने भूकंप के बारे में चिंताओं को दरकिनार कर ब्रह्मपुत्र बांध जलविद्युत परियोजना को स्वीकृति दी है, जो संकटकारी मूव है। कैलाश पर्वत के पास एंगसी ग्लेशियर से निकलती और पूर्व में हिमालय से घिरी ब्रह्मपुत्र नदी 3,969 किलोमीटर लंबी है। इस नदी पर चीन की पनबिजली प्रोजेक्ट इस नदी को एक मौसमी नदी में बदल देगी, जिसका परिणाम भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में सूखे के रूप में सामने आ सकता है। एक खतरा यह भी है कि बांधों के निर्माण के पश्चात जब चीन मानसून में बाढ़ का पानी छोड़ेगा तो इससे ब्रह्मपुत्र नदी के जल प्रवाह में वृद्धि होगी, इससे भारतीय क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित होगा। नदियों के आस-पास जल संबंधी परियोजनाओं के चलते चीन ने अपनी नदियों को काफी प्रदूषित किया है और इसके कारण चीन से भारत की ओर प्रवाहित होने वाली नदियों के जल की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। चीन के इस कदम से ब्रह्मपुत्र नदी के पानी पर निर्भर असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य में भी पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी। कोई भी विकास मानव के विनाश का मार्ग नहीं बना सकता है। चीन को बृहत मानवीय हित में फैसला लेना चाहिए।



उम्मीद

अरविंद जयतिलक

# केन-बेतवा परियोजना से संवरेगा बुंदेलखंड

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शुभारंभ से बुंदेलखंड में विकास और प्रगति का एक नया सूर्योदय होना तय है। दशकों से पेयजल और सिंचाई संकट का सामना कर रहे बुंदेलखंडवासियों के लिए यह परियोजना किसी वरदान से कम नहीं है। ऐसा इसलिए कि इस परियोजना से कृषि उत्पादन बढ़ेगा और लोगों की आय में वृद्धि होगी। कृषि पर आधारित उद्योग-धंधे विकसित होंगे और अर्थव्यवस्था का पहिया नाच उठेगा। आय बढ़ने से समृद्धि का नया द्वार खुलेगा। गौर करें तो इस परियोजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के सूखाग्रस्त बुंदेलखंड में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मध्यप्रदेश की केन नदी के अधिशेष जल को बेतवा नदी में हस्तांतरित करना है।

यह सुखद है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के खजुराहो में केन-बेतवा लिंक परियोजना का शुभारंभ कर दिया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शुभारंभ से बुंदेलखंड में विकास और प्रगति का एक नया सूर्योदय होना तय है। दशकों से पेयजल और सिंचाई संकट का सामना कर रहे बुंदेलखंडवासियों के लिए यह परियोजना किसी वरदान से कम नहीं है। ऐसा इसलिए कि इस परियोजना से कृषि उत्पादन बढ़ेगा और लोगों की आय में वृद्धि होगी। कृषि पर आधारित उद्योग-धंधे विकसित होंगे और अर्थव्यवस्था का पहिया नाच उठेगा। आय बढ़ने से समृद्धि का नया द्वार खुलेगा। गौर करें तो इस परियोजना से उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड के साथ-साथ मध्यप्रदेश राज्य के पन्ना, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह, दतिया, विदिशा, शिवपुरी तथा उत्तर प्रदेश के बांदा, महोबा, झांसी व ललितपुर जिले जलसंकट से मुक्त होंगे। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना को आकार देने के लिए वर्ष 2021 में मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश की सरकार ने विश्व जल दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार के साथ एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किया था।

इस समझौते के तहत इस परियोजना पर तकरीबन 44,605 करोड़ रुपये मंजूर किए गए थे। इसका 90 फीसद खर्च भार केंद्र सरकार द्वारा उठाया जाना सुनिश्चित हुआ जबकि उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश दोनों सरकारें दस फीसदी यानी पांच-पांच फीसदी खर्च करेंगे। तब केंद्र सरकार ने इस योजना को पूरा करने के लिए आठ साल का समय सुनिश्चित किया। गौर करें तो इस परियोजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के सूखाग्रस्त बुंदेलखंड में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मध्यप्रदेश की केन नदी के अधिशेष जल को बेतवा नदी में हस्तांतरित करना है। उल्लेखनीय है कि केन नदी मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र की एक प्रमुख नदी है जिसकी कुल लंबाई 470 किमी है। यह नदी मध्यप्रदेश के कटनी जिले से निकलकर उत्तर प्रदेश में यमुना नदी में मिलती है। केन नदी 292 किमी मध्यप्रदेश में बहती है। लेकिन उसके जल का उपयोग मध्यप्रदेश नहीं कर पाता है। अब केन-बेतवा परियोजना के तहत दौधन के पास एक बैराज बनाकर केन नदी के जल को रोका जाएगा। दौधन बांध से तकरीबन 221 किमी लंबी एक लिंक नहर का निर्माण कर केन बेसिन के 1074 मिलियन क्यूसेक मीटर अधिशेष जल को बेतवा बेसिन में पहुंचाया जाएगा। बेतवा नदी की भौगोलिक स्थिति पर दृष्टि डालें तो यह मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों में बहती है। इसे यमुना नदी की उपनदी भी कहा जाता है। यह मध्यप्रदेश के रायसेन जिले से निकलकर भोपाल, विदिशा, झांसी, ललितपुर जिलों से गुजरती हुई तकरीबन 480 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए यमुना नदी में मिलती है। अगर यह परियोजना जमीन पर उतरती है तो जल संकट की मार झेल रहे बुंदेलखंड के लोगों की प्यास बुझेगी तथा कृषि योग्य भूमि लहलहाएगी। देखें तो इस परियोजना से उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश की तकरीबन 1062 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। उत्तर प्रदेश के इन चार जिलों में रहने वाले तकरीबन 65 लाख लोगों की प्यास भी बुझेगी। झांसी को 14.66 एमसीएम, ललितपुर को 31.98 एमसीएम तथा महोबा को 20.13




एमसीएम पेयजल मिलेगा। इस परियोजना के तहत उत्तर प्रदेश में दो बैराज भी बनने हैं जिससे 103 मेगावाट जल ऊर्जा और 27 मेगावाट सौर उर्जा का उत्पादन किया जा सकेगा। गौरतलब है कि केन-बेतवा परियोजना की पहली रूपरेखा 2002 में तैयार की गयी थी। वर्ष 2005 में उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश के बीच पानी बंटवारे का समझौता हुआ लेकिन यह परियोजना बर्फखाने में चली गई। 2006 में पहली बार परियोजना के सर्वे के लिए जल विकास अधिकरण का गठन हुआ लेकिन फिर भी परियोजना परवान नहीं चढ़ी। 2019 में दोनों राज्यों में पुनः जलसमझौते को आकार देने की कोशिश हुई लेकिन बात नहीं बनी। उसका कारण यह था कि मध्यप्रदेश पूरे साल का पानी एक साथ उत्तर प्रदेश को देने की बात कर रहा था जबकि उत्तर प्रदेश फसली सीजन के मुताबिक पानी मांग रहा था। अब चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परियोजना के लिए हरी झंडी दिखा दी है जिससे बुंदेलखंड की तस्वीर बदलनी तय है।

ध्यान दें तो बुंदेलखंड में पानी की कमी का मुख्य कारण नदी-नीति की विफलता ही रहा है। इस कारण आज तक चंबल, सिंध पहुज, बेतवा, केन, धसान, पयस्वनी इत्यादि उद्गम स्रोत होते हुए भी समूचा विंध्य क्षेत्र जलविहिन है। अगर इन नदियों के जल का संचय और सदुपयोग किया गया होता तो बुंदेलखंड में जल की कमी नहीं होती। लेकिन सच्चाई यह है कि बुंदेलखंड में पानी की समस्या दूर करने के लिए जितनी भी योजनाएं गढ़ी-बुनी गई, वह परवान नहीं चढ़ सकी। एक आंकड़े के मुताबिक बुंदेलखंड में औसतन 70 हजार लाख टन घन मीटर पानी प्रतिवर्ष वर्षा द्वारा उपलब्ध होता है। लेकिन विडंबना है कि इसका अधिकांश भाग तेज प्रवाह के साथ निकल जाता है। बेतवा नदी का प्रभाव ठुकवां बांध पर वर्षा ऋतु में 16800 घन मीटर प्रति सेकेंड होता है जो ग्रीष्म में घटकर 0.56 घन मीटर प्रति सेकेंड रह जाता है। इसी तरह पयस्वनी का प्रभाव वर्षा ऋतु में 2184 घन मीटर प्रति सेकेंड रहता है जबकि ग्रीष्म ऋतु में यह 0.42 घन मीटर प्रति सेकेंड रह जाता है। अगर इन प्रवाहों को संचित कर उपयोग में लाया जाए तो इस क्षेत्र की भूमि को लहलहाते देर नहीं लगेगी। गौर करें तो केन और बेतवा को छोड़कर अन्य नदियों का जल बिना उपयोग के यमुना नदी में प्रवाहित हो जाता है। बुंदेलखंड का भौगोलिक क्षेत्रफल लगभग 70 हजार वर्ग किलोमीटर है। यह वर्तमान हरियाणा और पंजाब से अधिक है। इसमें उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के 13 जनपद तथा समीपवर्ती भू-भाग है जो यमुना और नर्मदा नदी से आबद्ध है। मध्यप्रदेश के सागर संभाग के पांच जिले-छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, सागर और दमोह और चंबल का दतिया जिला मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड में आते हैं। जबकि उत्तर प्रदेश के झांसी संभाग के सभी सात जिले- बांदा, चित्रकूट, झांसी, ललितपुर, जालौन, महोबा और हमीरपुर बुंदेलखंड में आते हैं। यह बुंदेलखंड की विडंबना है कि एक सांस्कृतिक और सामाजिक एकरूप भौगोलिक क्षेत्र होने के बावजूद यह दो राज्यों में बंटा हुआ है। बावजूद इसके बुंदेलखंड विकास की असिमित संभावनाओं को अपनी कोख में संजोए हुए है। उसके पास इतने अधिक संसाधन है कि वह अपने बहुमुखी उत्थान की आर्थिक व्यवस्था स्वतः कर सकता है। लेकिन यह तभी संभव होगा जब उसकी कोख जल से संतृप्त होगी। उल्लेखनीय है कि बुंदेलखंड की दुर्दशा को ध्यान में रखकर ही 1956 में गठित प्रथम राज्य पुनर्गठन आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाए जाने की वकालत की गई थी। बहरहाल बुंदेलखंड के अलग राज्य का सपना तो दूर है, लेकिन केन-बेतवा परियोजना से उम्मीद की आस बंध गई है। उम्मीद की जानी चाहिए कि अब इस परियोजना में किसी तरह की अड़चन नहीं आएगी।

जयंती विशेष

विवेक शुक्ला



# ग़ालिब से 'गुफ़्तगू' करते मंटो

वह 1940 का दशक था। देश में ब्रिटिश शासन के खिलाफ गुस्सा बढ़ रहा था। देश और दिल्ली में भी लगातार आंदोलन हो रहे थे। मशहूर उर्दू लेखक सआदत हसन मंटो उन दिनों दिल्ली में थे। वे ऑल इंडिया रेडियो में काम कर रहे थे। मंटो के साथ उर्दू के मशहूर अफसाना निगार कृष्ण चंदर भी काम करते थे। जब भी उन्हें खाली समय मिलता, वे दोनों दिल्ली की खाक छानने के लिए निकल पड़ते। यह नामुमकिन है कि ये दोनों दिल्ली-6 में मिर्जा ग़ालिब के घर और बस्ती निजामुद्दीन में उनकी कब्र पर कभी न गए हों। मंटो ने दिल्ली में रहते हुए 'मिर्जा गालिब' फिल्म लिखी थी। ये 1955 में रीलिज हुई थी। आप बस्ती निजामुद्दीन में मिर्जा ग़ालिब की मज़ार की ओर बढ़ते हुए मंटो और उन सभी के बारे में पलभर को सोचते हैं जो मिर्जा ग़ालिब की कब्र पर आते रहे हैं। आप गालिब की मजार पर जाते हुए ग़ालिब अकादमी के आगे से गुजरते हैं। वहां पर आज उनकी साल गिरह पर उनकी शायरी पर कई विद्वान गुफ्तुगू करेंगे। मुशायरा भी होना है। यहां से गुजरते हुए आपके कानों में 'ये न थी हमारी किस्मत के विसाल-ए-यार होता...' या 'हज़ारों ख़्वाहिशें ऐसी कि हर ख़्वाहिश पे दम निकले...' जैसे गालिब के कालजयी शेर सुनाई पड़ते हैं। कोई शायर या गालिब की शायरी को चाहने वाला इन्हें पढ़ रहा होता। खैर साहब, आप ग़ालिब की मज़ार पर पहुंचते हैं। वहां पर पहले से गालिब की शायरी के कुछ शैदाई पहुंचे हुए हैं। कुछ नौजवान यहां आए हुए हैं। उनमें से एक कहता है, 'हम हर साल यहां आते हैं। यहां आकर लगता है कि हम गालिब साहब से बात कर रहे हैं। हम उनकी शायरी को पढ़ते हैं। उर्दू शायरी पढ़ने वाले और गालिब पर गंभीर रिसर्च करने वाले भी यहां आते हैं। एक दौर था, जब यहां पाकिस्तानी भी नियमित रूप से दस्तक देते थे। यह उन दिनों की बात है जब दोनों देशों के नागरिक सरहद के आर-पार आराम से आते-जाते थे। ग़ालिब अकादमी के सचिव डॉ. अकील अहमद कहते हैं, 'जो ग़ालिब के गहरे दार्शनिक विचारों पर शोध करते हैं, वे भी यहां हैं। ग़ालिब की मज़ार आज जिस रूप में है, इसे खड़ा करने में हमदर्द दवाखाना के फाउंडर हकीम अब्दुल हमीद का अहम रोल था। उन्होंने ही गालिब अकादमी स्थापित की थी। वे कहते थे कि मजार और इसके आसपास हालत काफी खराब थी। उन्होंने इसका पुनर्निर्माण कराया। अगर बात ग़ालिब अकादमी की करें तो, इसका उद्घाटन 1969 में राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन ने किया था। यहां ग़ालिब को समर्पित एक संग्रहालय है, जिसमें उनकी प्रतिमा, दुर्लभ पुस्तकें, दस्तावेज और प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की एक गैलरी है। हकीम अब्दुल हमीद ने इस लेखक को 1995 में बताया था, " गालिब की मज़ार का क्षेत्र जर्जर था जब तक कि उन्होंने इसे पुनर्जीवित करने के लिए कदम नहीं उठाया था।" मशहूर टीवी पर्सनेल्टी विनोद दुआ भी गालिब की मजार पर हाजिरी देने के लिए आते थे। वे गालिब को दिल्ली वालों का बुजुर्ग कहते थे। मुहम्मद इकबाल भी ग़ालिब की शायरी से गहरे से प्रभावित थे। वे कहते थे कि उनकी कब्र पर आना शायरों के लिए किसी तीर्थयात्रा के समान है। वे ग़ालिब और हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया की मजारों पर हाजिरी देते थे। वे यहां पहली बार 1905 में आए थे, इंग्लैंड जाने से ठीक पहले। इस बीच, दिल्ली में लगभग दो साल रहने के बाद, मंटो अपने पसंदीदा शहर, मुंबई ( तब बॉम्बे) लौट गए थे। यह 1948 की बात है। 'मिर्जा ग़ालिब' की कहानी लिखते समय, वे निश्चित रूप से ग़ालिब के घर और कब्र पर जाते ही होंगे। उनका एक तरह से अपने प्रिय शायर से 'संवाद' भी हुआ होगा। वे जरूर सोचते होंगे कि अगर गालिब साहब उनके सामने होते तो वे उनसे क्या सवाल करते। सोहराब मोदी ने मंटो की कहानी पर मिर्जा गालिब फिल्म का निर्माण किया। उसे जबरदस्त सफलता मिली थी। देश के विभाजन के बाद, मंटो पाकिस्तान चले गए। उनका 1955 में लाहौर में निधन हो गया। इत्तेफाख देखिए कि तब देशभर में 'मिर्जा ग़ालिब' फिल्म चल रही थी। राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इसे देखा और पसंद किया। मंटो की मौत से अवाक किशन चंदर ने तब लिखा था- 'जिस दिन मंटो से मेरी पहली मलाक़ात हई. उस रोज मैं दिल्ली में था।

# घृणा का अर्थ आत्मा द्वारा आत्मा का विनाश



संकलित

दर्शन

सब प्रकार की घृणा का अर्थ है आत्मा के द्वारा आत्मा का विनाश। प्रेम ही जीवन का यथार्थ नियामक है। प्रेम कभी निष्फल नहीं जाता। चाहे आज हो, चाहे सैकड़ों युगों के पश्चात प्रेम की विजय होगी और जरूर होगी। क्या तुम मनुष्य जाति से प्रेम करते हो? भगवान की खोज में कहीं जाते हो? दरिद्र दुखिया और दुर्बल क्या ये सभी तुम्हारे ईश्वर नहीं हैं। पहले उनकी उपासना क्यों नहीं करते? गंगा किनारे रहकर कुआं किसलिए खोदते हो। प्रेम की सर्वशक्तिमान पर विश्वास करना सीखें। क्या तुम्हारे हृदय में प्रेम है। यदि है तो तुम सर्वशक्तिमान हो। क्या तुम्हें एक भी कामना नहीं कामनाओं से बिलकुल विहीन हो। यदि ऐसा है तो तुम्हारी शक्ति को रोकने की सामर्थ्य किसमें है। अपने चरित्र के बल से मनुष्य सब जगह विजयी हो सकता है। भगवान आपकी संतान की रक्षा समुद्र के भीतर भी किया करते हैं। तुम्हारी मातृभूमि वीर संतान मांगती है। तुम लोग वीर बनो। जिनकी समदृष्टि हो गई है, वे ब्रह्म में अवस्थित माने जाते हैं। प्रेमावस्था को प्राप्त करना सिद्धावस्था है, किंतु हम जितना ही सिद्धि की ओर अग्रसर होते हैं, उतना ही कम काम करते हैं। सात्विक व्यक्ति समझते और देखते हैं कि सब कुछ खिलवाड़ मात्र है, इसी से वे किसी चीज में सिर नहीं खपाते। निर्विघ्न उद्देश्य सिद्धि के लिए चटपट कोई काम कर डालना उचित नहीं, सिद्धि प्राप्ति के लिए इन तीनों गुणों पवित्रता, सहनशीलता और अध्यवसाय और सबसे अधिक प्रेम की आवश्यकता है।

# ज्ञान मार्ग नहीं, तो दूसरा विकल्प है भक्ति



संकलित

प्रेरणा

धर्म आत्म विस्मरण नहीं है, धर्म है परिपूर्ण रूप से आत्म स्मरण। स्वयं को भूल नहीं जाना है, स्वयं को उसकी परिपूर्णता में जान लेना है। स्वयं को किसी में डुबा नहीं देना है, बल्कि खुद को अपनी समग्रता में पहचान लेना है। ज्ञान ही रोक लेता है, अटका लेता है। ज्ञान का बोझ मन को इतना भारी कर देता है कि फिर सत्य तक की यात्रा करना कठिन हो जाती है। ज्ञान के तट से जिनकी नाव बंधी है, वे सत्य के सागर में यात्रा नहीं कर सकेंगे। स्वभावतः यदि ज्ञान मार्ग नहीं है, तो एक दूसरा विकल्प है भक्ति और कल्पना का। यदि ज्ञान सत्य का द्वार नहीं है, तो फिर भक्ति है, समर्पण है, भावना है, कल्पना है। भक्ति भी मार्ग नहीं है। यदि ज्ञान मार्ग नहीं है, तो कल्पना तो और भी मार्ग नहीं हो सकती है। ज्ञान यदि द्वार नहीं है, तो स्वप्न तो और भी द्वार नहीं हो सकता है। ज्ञान है तर्क भक्ति है स्वप्न। ज्ञान है विचार, भक्ति है कल्पना। मनुष्य का मन या तो तर्क करना जानता है या कल्पना। मनुष्य के मन की क्षमता है उन स्वप्नों को देख लेने की, जो वास्तविक नहीं हैं। बल्कि मन जिन बातों को देखना चाहता है, स्वप्न या कल्पना में उन्हें देख लेता है। जिसे जीवन में नहीं उपलब्ध कर पाता, उसे सपने में पा लेता है। हम सभी सपने देखते हैं। स्वप्न परिपूरक हैं। जिंदगी में यथार्थ में जो नहीं मिलता, स्वप्न उसे पूरा कर देते हैं। तो जिस सत्य को ज्ञान से, विचार से नहीं खोजा जा सका, सोचा होगा कि उसे हम स्वप्न, कल्पना से और भावना से पा लेंगे। लेकिन मनुष्य का मन जो भी कल्पना करेगा, वह उसके मन की सृष्टि होगी जो सत्य नहीं है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### हिंदुओं पर अत्याचार रुकना चाहिए

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों और हिंदुओं पर बहुत अत्याचार हो रहे हैं। मां-बेटियों का उत्पीड़न जोरों पर है। हिंदुओं के मंदिरों और पूजा स्थलों को नष्ट किया जा रहा है। इस मामले पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आगे आना चाहिए। कट्टरपंथी इस कद्र हावी हैं कि किसी की सुनते नहीं। कानून नाम की वहां कोई चीज नहीं है। मानवतावादी संगठन इन अत्याचारों पर मौन क्यों हैं? उन्हें वैध तरीके से भी भारत नहीं आने दिया जाता। संतों को जेलों में डाला जा रहा है। वहां न वकील, न दलील चल रही है। पैरवी करने वालों को घायल किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बैनर्जी ने ठीक ही संयुक्त राष्ट्र से शांति सेना भेजने की मांग की है। समय आ गया है कि 1971 के इतिहास की आवृत्ति हो। अब कट्टरपंथी सारी सीमाएं लांघ चुके हैं। भारत के सभी दलों को भारतवंशियों की चिंता करनी चाहिए। *-यश कुमार रायपुर*

## ट्रेंड

### नायर के निधन से दुखी



मलयालम सिनेमा और साहित्य के सबसे सम्मानित शख्सियतों में से एक एमटी वासुदेवन नायर जी के निधन से दुखी हूं। मानवीय भावनाओं की गहन खोज के साथ उनके कार्यों ने पीढ़ियों को आकार दिया है। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### दल से बड़ा देश



जब मैं कांग्रेस में था, तब मैं अटल जी से मिला और उनसे अनुरोध किया कि वे असम में पंचायत चुनाव कराने में सहायता करें, क्योंकि राज्य सरकार के पास धन की कमी थी। अटल जी तुरंत सहमत हो गए। उनके लिए हमेशा दल से बड़ा देश था।

**-हिमंत बिस्वा सरमा, असम सीएम**

### कांग्रेस का दोहरा चरित्र



इससे कांग्रेस के दोहरे चरित्र का भी पर्दाफाश होता है कि वह पूंजीपतियों का विरोध करके संसद अवरोध करती है किन्तु उन्हीं धन्नासेठों से धन लेकर पार्टी चलाती है और सरकार बनने पर उन्हें लाभ पहुँचाने का कार्य करती है।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### फार्मा उद्योग 14वें स्थान पर



उत्पादन के मूल्य के हिसाब से भारतीय फार्मा उद्योग विश्व स्तर पर 14वें स्थान पर है। जेनेरिक दवाओं, ओटीसी, टीकों आदि हमारे विविध उत्पाद पोर्टफोलियो ने हमें यह अग्रणी स्थान हासिल करने में मदद की है।

**-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी**

## करंट अफेयर


# भारत से पंगा लेने वाले ट्रूडो को ट्रंप ने कहा पागल वामपंथी



अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से पंगा लेने वाले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को उनकी औकात दिखानी शुरू कर दी है। ट्रंप ने क्रिसमस के मौके पर ट्रूडो को वामपंथी पागल तक कह डाला। ट्रंप ने एक्स पर लिखा, लगातार हमारी न्यायिक प्रणाली का कार्यों और चुनावों में बाधा डालने की कोशिश कर रहे कट्टर वामपंथी पागलों को क्रिसमस की शुभकामनाएं। साथ ही कनाडा पर हाई टैरिफ लगाने की धमकी भी दी। ट्रंप ने ट्रूडो को एक बार फिर सुझाव दिया कि बेहतर है कि वह कनाडा का अमेरिका में विलय कर दें।

## ऑफ बीट

# नागवासुकी मंदिर में नागों के राजा ने किया था विश्राम



धर्म और आस्था की नगरी प्रयागराज में एक है नागवासुकी मंदिर। इस मंदिर का इतिहास बहुत ही पुराना है। कहा जाता है कि इस मंदिर के दर्शन किए बिना संगम से लौटना अधूरी यात्रा के बराबर है। इसलिए यदि आप महाकुंभ जाएं, तो नागवासुकी मंदिर के दर्शन कर खुद को कृतार्थ करें। जब औरंगजेब का भाला भी नहीं आया काम- धर्म और आस्था की नगरी प्रयागराज के संगम तट से उत्तर दिशा की ओर दारागंज के उत्तरी कोने पर अति प्राचीन नागवासुकी मंदिर स्थित है। इस मंदिर में नागों के राजा वासुकी नाग विराजमान रहते हैं। कहा जाता है कि जब मुगल बादशाह औरंगजेब भारत में मंदिरों को तोड़ रहा था, तो वह नागवासुकी मंदिर को खुद तोड़ने पहुंचा था।

## संक्षेप

### सूदखोर ने कर्जदार की पत्नी को छेड़ा

**ब्याज के नाम पर फोन करके करने लगा अश्लील बातें, मुकदमा दर्ज**

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा में सूदखोर की शर्मनाक हरकत का मामला सामने आया है। जहां ब्याज के पैसे समय से न चुकाने पर सूदखोर ने कर्जदार की पत्नी से छेड़खानी शुरू कर दी। फोन पर अश्लील बातें करने लगा। सूदखोर की हरकतों से तंग आकर पीड़िता ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित महिला ने तहरीर देकर बताया कि उसके पति ने डेढ़ साल पहले महादेव पेट्रोल पंप, तिंदवारी रोड के पास रहने वाले मुबारक से 1 लाख का कर्ज लिया था। तय हुआ था कि वह 5% ब्याज देगा, लेकिन कुछ समय बाद मुबारक ने ब्याज दर बढ़ाकर 10% कर दी। जब यह रकम चुकाने में देरी हुई, तो मुबारक ने 25 रुपये रोजाना पेनल्टी लगानी शुरू कर दी। महिला ने आरोप लगाया कि कर्ज न चुका पाने के कारण मुबारक और उसके बेटे अमन ने उन्हें लगातार धमकियां दीं। बाजार जाते वक्त रास्ता रोककर गालियां दीं और अश्लील बातें कीं। इतना ही नहीं, 15% ब्याज की मांग पूरी न होने पर महिला को फोन कर अश्लील बातें करने लगा। महिला ने बताया कि 15 दिसंबर को अज्ञात लोगों को भेजकर धमकियां दी गईं। आरोपियों ने कहा, अगर घर से बाहर निकले तो उठा लेंगे। इस घटना से पूरा परिवार डरा और सहमा हुआ है। पीड़िता की शिकायत पर शहर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### साड़ी खदान में छापेमारी

**पानी से बालू निकालने पर दी चेतावनी, बिना रसीद माल ढ़ो रहे दो ट्रक पकड़े**

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा में किसानों की शिकायत पर पैलानी के साड़ी खदान खंड संख्या 77 में प्रशासनिक अधिकारियों की टीमों ने जांच की। खदान में पानी से बालू निकालने पर खदान संचालक को फटकार लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज चेतावनी भी दी है। बिना बिल के दो ट्रकों पर भी कार्रवाई की गई। बता दे कि, पानी से बालू निकालने पर खदान संचालक को कड़ी फटकार लगाई। इसके साथ ही बिना रसीद के रवाना हो रहे दो ट्रकों को भी पकड़ा। एडीएम न्यायिक ने कहा की यदि नदी से बालू निकाली जाएगी तो सीधे रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। साड़ी खदान में पिछले कई हफ्तों से प्रतिबंधित पोकलैंड मशीनों से अवैध खनन किया जा रहा था। यहां किसानों ने जिलाधिकारी से खदान क्षेत्र में बड़े-बड़े गड्ढे होने की शिकायत की थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर टीम मौके पर पहुंची थी। जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। पैलानी थाना के साड़ी खदान खंड संख्या 77 में एडीएम अमिताभ, एसडीम सदर इरफान उल्ला, नायब तहसीलदार पैलानी डॉक्टर मुस्तकीम, खनिज इंस्पेक्टर गौरव गुप्ता, खनिज अधिकारी अर्जुन सिंह ने निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे।

# भारत नेपाल खेल महोत्सव मे युवा खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दमखम

## रन फार राम मैराथन दौड़ बालक वर्ग में देवानंद प्रथम व बालिका वर्ग में माही राणा रही प्रथम

### कबड्डी में विनय फाइनेंस मिहीपुरवा विजेता व गोधनी दबंग पयागपुर टीम रही उपविजेता

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। सीमा जागरण मंच एवं क्रीड़ाभारती के तत्वाधान में ठाकुर हुकुम सिंह किसान पीजी कॉलेज में भारत - नेपाल खेल महोत्सव का शुभारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद सिंह, क्रीडा भारती प्रदेश अध्यक्ष एमएलसी अवनीश सिंह विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, सासंद आनन्द गोंड, कैसरगंज सासंद प्रतिनिधि सुनिल सिंह, एमएलसी पदमसेन चौधरी, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक सुभाष त्रिपाठी, विधायक अनुपमा जायसवाल, विधायक राम निवास वर्मा, बलहा विधायक सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, संचित सिंह, श्याम करण टेकडीवाल, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, रणविजय सिंह, नन्हे लाल लोधी रहे। मुख्य वक्ता प्रान्त प्रचारक कौशल, सीमा जागरण मंच के क्षेत्र संगठन मन्त्री सत्यदेव, प्रान्त संगठन मन्त्री अमरनाथ, विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार, जिला प्रचारक अजय, नेपाल के संभाग संघ चालक राजेन्द्र यादव रहे। रन फॉर राम मैराथन दौड़ महिला वर्ग में माहीराना प्रथम, वेनिका रावत द्वितीय एवं मानसी तृतीय रही। बालक वर्ग में देवानंद प्रथम, सुनील राजभर द्वितीय एवं अनस तृतीय स्थान पर रहे।

कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला सेमीफाइनल मुकाबला मसरिया व गोदनी के बीच खेला गया। जिसमें गोदानी दबंग 11- 4 से विजेता रही। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला गाजी दबंग और विनय फाइनेंस के बीच खेला गया।

जिसमें विनय फाइनेंस मिहींपुरवा विजेता रही। फाइनल मुकाबला विनय फाइनेंस मिहींपुरवा एवं गोदनी दबंग पयागपुर के बीच खेला गया। जिसमें विनय फाइनेंस मिहींपुरवा 10-6 से विजेता रही। बालीबाल खेल प्रतियोगिता में 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें पहला सेमीफाइनल मुकाबला वाईपीएसओ चिलवरिया व परवानी गौड़ी के मध्य खेला गया। जिसमें चिलवरिया 21-15 व 21-14 से विजेता रही। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला इंदिरा स्टेडियम बहराइच एवं एसआरवी स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें इंदिरा स्टेडियम बहराइच 21-19 व 21-15 से विजेता रही। फाइनल मुकाबला इंदिरा स्टेडियम बहराइच व वाईपीएसओ चिलवरिया के बीच खेला गया। जिसमें चिलवरिया की टीम स 21-19 एवं 21-19 से विजेता रही।

रस्साकसी प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला मिहींपुरवा एवं चिलवरिया के बीच खेला गया जिसमें मिहींपुरवा की टीम विजेता रही। महोत्सव का आयोजन भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुरेश प्रताप सिंह, सीमा जागरण मंच के प्रान्त अध्यक्ष शेष नाथ सिंह, सत्य प्रकाश सिंह सत्या, मेजर एसपी.सिंह, कुसमेन्द्र सिंह राणा, युवा अध्यक्ष मनोज चौरसिया, जिलाध्यक्ष राजेश सिंह, जिला महामन्त्री योगेन्द्र मौर्य उर्फ पिन्टू मौर्य की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान भारत व नेपाल के खिलाडियो सहित सैकड़ों खेल प्रेमी लोग उपस्थित रहे।

## सीओ नानपारा एवं थाना प्रभारी रूपईडीहा ने कस्बे में गस्त कर हटवाया अतिक्रमण

अमन लेखनी समाचार/मो. कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। क्षेत्राधिकार नानपारा प्रद्युमन सिंह एवं थाना प्रभारी रुपईडीहा दद्दन सिंह ने रूपईडीहा कस्बे में पैदल गस्त करते हुए सफाई अभियान चलाया। क्षेत्राधिकार नानपारा एवं थाना प्रभारी रुपईडीहा ने अपने दलबल के साथ शाम को रुपईडीहा थाने से पैदल निकलते हुए रूपईडीहा बाजार में पैदल चलकर दुकानदारों एवं ठेला खुंचो वालों द्वारा रोड पर जो अतिक्रमण किया गया था उसको हटवाने का कार्य किया। ज्ञात हो कि जब से रूपईडीहा थाना प्रभारी दद्दन सिंह बने हैं तब से निरंतर कस्बे के बाजार में सफाई अभियान चलाते रहते हैं। पूर्व में कस्बे के सड़कों पर ठेलो और खुंचों वालों का जमावड़ा लगा रहता था नेपालगंज रोड पर गाड़ियां बेतरतीब खड़ी रहती थी। जिससे बहुत जाम लगता था लेकिन दद्दन सिंह के आने के बाद रूपईडीहा कस्बा को जहां जाम से मुक्त किया गया वहीं रोड पर लगने वाले ठेलो को और पटरी पर कब्जा किए हुए दुकानदारों को हटवाया गया। जिससे अब रुपईडीहा कस्बे की सड़क चौड़ी और साफ दिखाई देती है कहीं भी अतिक्रमण करने का किसी को हिम्मत नहीं होती है।

## भारत नेपाल पत्रकार मैत्री संघ की बैठक 01 जनवरी को नेपाल मे

अमन लेखनी समाचार/मो. कौशर

रुपईडीहा, बहराइच। सहानुभूति समाचार प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश चंद्र कुशवाहा 31 दिसंबर को लखनऊ से चलकर रूपईडिया सर्किट हाउस शाम 4:00 बजे पहुंचेंगे। जहां पर राष्ट्रीय सचिव शेर सिंह कासौधन एवं राष्ट्रीय सचिव चुके लाल से मुलाकात करेंगे। तत्पश्चात वन विभाग के सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कुशवाहा 01 जनवरी को नेपाल जा पहुंचेंगे वहां पर भारत एवं नेपाल पत्रकार मैत्री संघ के अंतर्गत पत्रकारों से शिष्टाचार मुलाकात करेंगे तथा उन्हें पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पंडित गणेश शंकर विद्यार्थी अवार्ड से सम्मानित करेंगे।उपरोक्त अवसर पर संगठन के उत्तर प्रदेश इकाई के प्रदेश सचिव एवं प्रेस प्रवक्ता डॉक्टर एस परिहार एवं जिला अध्यक्ष दिवाकर सिंह बहराइच मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। यह जानकारी लखनऊ यूनिट कार्यालय से कार्यालय सचिव बी आर सिंह ने अवगत कराया है।

# चोरी का खुलासा करने वाली फखरपुर पुलिस टीम को किया सम्मानित




अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। फखरपुर के चौधरी सियाराम परिसर में आयोजित हिन्दू युवा वाहनी मंडल फखरपुर के द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम क्षेत्र के गजाधरपुर में हुई। चोरी के खुलासा करने वाले थानाध्यक्ष राजेश शुक्ल को अन्य पुलिस टीम के साथ अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उप निरीक्षक केके सिंह, अनिरुद्ध वीरेन्द्र मिश्र, आरक्षी विकास मिश्र, अनिल कुमार, रामानन्द यादव, रामनरेश को सम्मानित किया थानाध्यक्ष ने कहा अपराधी किसी के नही है अपराधियों के लिए समाज में कोई स्थान नही होना चाहिए यह सम्मान हम सभी को और आगे ऐसे काम के लिए प्रति प्रेरित करता है।सुभाष दिक्षित मुकेश पाठक ने बताया कार्यकर्म मे थानाध्यक्ष की तरफ से किया गया उत्कृष्ट कार्य के लिए टीम समेत सम्मानित किया गया है।

# कलाम फाउंडेशन नें प्रदेश एवं जिला इकाई का किया विस्तार

## आकाश सिंह बने उपाध्यक्ष, राम अचल मांझी को मिली जिले की कमान

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। सामाजिक सरोकारों से जुडी हुई संस्था कलाम फाउंडेशन नें अपनी प्रदेश एवं जिला इकाई का विस्तार करते हुए आकाश सिंह को उपाध्यक्ष, शैलेन्द्र शुक्ल ₹सागर₹ को प्रदेश महामंत्री के रूप में मनोनीत किया है। जब की जिला अध्यक्ष के पद पर राम अचल मांझी एवं जिला महामंत्री के के पद पर शाश्वत पाठक को दायित्व सौंपा गया है।

बताते चलें कि कलाम फाउंडेशन निरंतर बहराइच जनपद में अपने शिक्षा, साहित्य एवं सामाजिक गतिविधियों के कारण चर्चा में बना हुआ है। फाउंडेशन के संस्थापक अमर सिंह विसेन नें बताया कि फाउंडेशन को अन्य जनपदों एवं जिले के भिन्न-भिन्न ब्लॉकों तक विस्तारित करना आवश्यक है। अतः समाज में कुछ अच्छा करने की सोच रखने वाले युवाओं को संगठन से जोड़ कर गतिविधियों को प्रदेश के अन्य जनपदों एवं ग्रामीण आंचल तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह विस्तार किया जा रहा है।

# महिला से दिनदहाड़े हुई छिनैती

- मंगलसूत्र, झाला और 1200 कैश लेकर फरार बदमाश, महिला ने थाने में की शिकायत

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में दिनदहाड़े एक बड़ी छिनैती की वारदात सामने आई है। यहां दो बदमाशों ने एक महिला से सोने का मंगलसूत्र, कान का झाला और 1200 नकद छीनकर फरार हो गए। घटना को लेकर महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगालने शुरू कर दिए हैं, जिनमें वारदात के समय महिला के साथ बदमाशों को देखा जा सकता है। यह घटना अमेठी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित स्टेट बैंक के पास आज दोपहर करीब तीन बजे हुई। जद्दूपुर धरइमाफी गांव की निवासी महिला नीतू स्टेट बैंक की ओर जा रही थी, तभी तिराहे से जैसे ही वह बैंक की तरफ मुड़ीं, दो बदमाश आए। उन्होंने महिला से बातचीत करने के बहाने उसके गले का मंगलसूत्र, कान का झाला और 12 सौ रुपये नगद छीन लिए और मौके से फरार हो गए। महिला ने इस घटना के बाद तुरंत थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुट गई है।

इस घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें महिला के साथ जाते हुए दोनों बदमाश नजर आ रहे हैं। पुलिस इस मामले में जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वासन दे रही है।

# मधुमक्खियों का छत्ता टूटा, मची भगदड़

**12 लोगों को काटकर किया घायल, सभी घायलों का अस्पताल में चल रहा इलाज**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी कस्बे के आरआरपीजी कॉलेज के पास एक पेड़ पर बसेरा बनाए मधुमक्खियों का छत्ता टूट गया और मधुमक्खियां आक्रामक हो गईं। उनके हमले से राहगीरों समेत 12 लोग घायल हो गए। स्थिति इतनी बेकाबू हो गई कि बाइक सवार भी डर के मारे अनियंत्रित होकर सड़कों पर गिरने लगे। घटना अमेठी कोतवाली क्षेत्र के प्रतापगढ़ रोड स्थित आरआरपीजी कॉलेज के पास की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करीब दोपहर 2 बजे अचानक मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया। इस दौरान कई बाइक सवार और राहगीर उनकी चपेट में आ गए। करीब 40 मिनट तक पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घायल हुए 12 लोगों को आसपास के लोगों ने निजी साधनों से अमेठी के सीएचसी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक, घायलों की हालत खतरे से बाहर है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कॉलेज के पास एक पेड़ पर मधुमक्खियों का बड़ा छत्ता बना हुआ था। किसी कारण छत्ता टूट गया, जिससे मधुमक्खियां आक्रामक हो गईं। राहगीरों के साथ दुकानों में मौजूद लोग भी उनकी चपेट में आ गए। मधुमक्खियों के इस हमले ने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। स्थानीय प्रशासन को इस घटना के बाद क्षेत्र में सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। लोगों ने पेड़ पर मधुमक्खियों के छत्ते हटाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# 6 घंटे डिजिटल अरेस्ट कर हड़पे 2.90 लाख

## पुत्र को रेप केस में फंसा होने के नाम पर पिता को बनाया शिकार, एफआईआर दर्ज

अमन लेखनी समाचार




हापुड़, हापुड़ में 2.90 लाख रुपए की ठगी। पीड़ित व्यक्ति से उसके बेटे के खिलाफ रेप के झूठे आरोप में ठगों ने 6 घंटे डिजिटल अरेस्ट 2.90 लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। शिवपुरी निवासी अनिल के पास 21 अप्रैल को एक कॉल आई, जो पुलिस की डीपी के साथ थी। कॉल करने वाले ने कहा कि रेप केस में चार लड़कों को पकड़ा गया है, और उन लोगों ने अनिल के बेटे का नाम लिया है। आरोपी ने कहा कि बेटे का नाम निकालने के लिए 90 हजार रुपए देने होंगे। अनिल का बेटा वृंदावन में रहता है, इसलिये उसने घबराकर बिना किसी जांच के 90 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। कॉल करने वाले ने अनिल को बार-बार यह कहकर फोन पर बनाए रखा कि हमारे साहब हमसे पूछेंगे, इसलिए लाइन पर बने रहो। आरोपी ने तीन बार अनिल से यह भी कहा कि आपके बेटे से बात करवाऊंगा और रोने की आवाज सुनाते हुए उसे विश्वास दिलाया। इसके बाद आरोपी ने कहा कि रेप पीड़िता की मौत हो गई और अस्पताल वालों ने बॉडी देने के लिए 4 लाख रुपए मांगे हैं। आरोपी ने जल्दी पैसे भेजने की धमकी दी और कहा कि मीडिया आ जाएगी, तो मदद नहीं कर पाएंगे। डर के मारे अनिल ने 2 लाख रुपए उधार लेकर आरोपी के खाते में ट्रांसफर कर दिए। कुल मिलाकर, ठगों ने उसे 2.90 लाख रुपए का चूना लगाया। इस तरह से आरोपियों ने अनिल से 6 घंटे के भीतर 2.90 लाख रुपए हड़प लिए पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की, जिस पर कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। मामले में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# ट्रेन की चपेट में आकर छात्रा की मौत

**अमरोहा में सुबह स्कूल जाने के लिए निकली थी, हाईस्कूल में पढ़ती थी**

अमन लेखनी समाचार




अमरोहा, अमरोहा के गजरौला में दिल्ली - लखनऊ रेल लाइन पर सुबह एक दसवीं की छात्रा की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस जीआरपी और आरपीएफ की टीम भी मौके पर आ गई। छात्रा के शव को रेलवे ट्रैक से हटवाया गया। उधर छात्रा के परिजन भी मौके पर आ गए। छात्रा की मौत के बाद उसके परिजनों में कोहराम मचा है। उधर छात्रा स्कूल जाने की बजाय भानपुर रेलवे फाटक के पास कैसे पहुंची, उसका किसी को अभी कुछ अता पता नहीं है। पूरा मामला गजरौला थाना क्षेत्र में भानपुर रेलवे फाटक के पास का है। दिल्ली लखनऊ रेल लाइन पर एक रनथ्रू ट्रेन की चपेट में आने से सुबह दसवीं की छात्रा की मौत हो गई। छात्रा का नाम महक था और वह गजरौला कस्बे के ही मौहल्ला अर्वतिका नगर की रहने वाली थी। परिजनों के मुताबिक छात्रा सुबह साढ़े आठ बजे कॉलेज के लिए निकली थी। वह शिव इंटर कॉलेज में पढ़ती थी। लेकिन भानपुर रेलवे फाटक के पास उसकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हालांकि अभी तक यह क्लियर नहीं हो पाया है कि छात्रा स्कूल जाने की बजाय भानपुर रेलवे फाटक के पास कैसे पहुंची। फिलहाल जीआरपी ने शव को कब्जे में ले लिया है। हालांकि परिजनों द्वारा पीएम कराए जाने की बात से इनकार किया गया है।

# बुलडोजर के बाद ट्रैक्टर एक्शन

**बंजर और शमशान की भूमि पर लगाई गई फसल को प्रशासन ने जुतवाया**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में अवैध कब्जों पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। बुलडोजर के बाद अब प्रशासन का 'ट्रैक्टर एक्शन' शुरू हो गया है। जामो थाना क्षेत्र के रामशाहपुर दलीलपुर गांव में ग्राम पंचायत की बंजर और श्मशान भूमि पर फसल उगाकर किए गए अवैध कब्जे को प्रशासन ने जड़ से उखाड़ फेंका। एसडीएम और थाना प्रभारी की मौजूदगी में ट्रैक्टर से फसल को जुतवाकर जमीन को पूरी तरह खाली करवाया गया। यह कार्रवाई गंगा प्रसाद पांडेय की शिकायत पर हुई, जिन्होंने डीएम को अवगत कराया था कि करुणा शंकर नामक व्यक्ति ने बंजर भूमि पर फसल उगाकर कब्जा कर लिया है। डीएम ने जांच और कार्रवाई का जिम्मा गौरीगंज के एसडीएम दिग्विजय सिंह को सौंपा। आज जब एसडीएम दिग्विजय सिंह, राजस्वकर्मियों और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, तो शिकायतकर्ता गंगा प्रसाद पांडेय ने आरोप लगाया कि करुणा शंकर ने बंजर भूमि पर कब्जा किया है। दूसरी ओर, करुणा शंकर ने पलटवार करते हुए गंगा प्रसाद पर श्मशान भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया। एसडीएम ने मौके पर मौजूद लेखपाल और कानूनगो से स्थिति की जानकारी ली। जांच में दोनों पक्षों द्वारा बंजर और श्मशान भूमि पर अवैध कब्जे की पुष्टि हुई। इसके बाद प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर बुलवाया और दोनों की फसलों को जुतवा दिया।

# बृजघाट गंगा पुल से कूदी युवती

**परिवार की डांट से आहत होकर आत्महत्या का प्रयास, गोताखोरों ने बचाया**

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा-हापुड़ सीमा पर बने बृजघाट गंगा पुल पर आत्महत्या की कोशिश में एक युवती ने गंगा में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद गोताखोरों की ने युवती को सकुशल बचा लिया। युवती का प्राथमिक उपचार कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया। राहगीरों ने एक युवती को गंगा पुल की रेलिंग पर चढ़ते देखा। लोग उसे बचाने के लिए दौड़े, लेकिन उनकी ओर आते देख युवती ने तुरंत गंगा में छलांग लगा दी। गंगा किनारे मौजूद गोताखोरों ने तुरंत स्थिति को भांपते हुए नाव लेकर उसकी तरफ रुख किया। चंद्रभान, विशाल, राकेश, राजू, विनोद, कुमरपाल, मुकेश और दीपचंद जैसे गोताखोरों की सतर्कता और तत्परता ने युवती को सकुशल बचा लिया। युवती ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह हापुड़ जिले के नैनापुर गांव की रहने वाली है। 16 जनवरी को उसकी शादी तय है, और घर में तैयारियां जोरों पर चल रही थीं। किसी बात पर परिजनों की डांट से आहत होकर उसने यह कदम उठाया। गोताखोरों ने युवती को बचाने के बाद मामले की सूचना बृजघाट चौकी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती से बातचीत के बाद उसके परिजनों को बुलाया। परिजनों को नसीहत दी गई कि वे भविष्य में ऐसी स्थिति न बनने दें। इसके बाद युवती को परिजनों के हवाले कर दिया गया।

## संक्षेप

### बुलंदशहर में बहू ने कर दी सास की पिटाई

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, गुलावठी कोतवाली क्षेत्र के गांव भंवरा में पारिवारिक विवाद के चलते बहू ने मायके पक्ष के लोगों के साथ मिलकर अपनी सास की बुरी तरह से पिटाई कर दी।इसके बाद बहू ने सास को जान से मारने की धमकी भी दी। बहू और उसके परिवार के खिलाफ ससुर ने गुलावठी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।गुलवाथी के गांव भंवरा निवासी गुलफाम ने बताया कि उसका बड़े बेटे फुरकान और उसकी पत्नी हिना से पारिवारिक विवाद चल रहा था।इसी बीच, जब वह घर पर नहीं थे, तो बहू हिना, उसके पिता, मां और मामा ने घर में घुसकर उसकी पत्नी के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की।पड़ोसियों ने बीच-बचाव करते हुए किसी तरह गुलफाम की पत्नी को बचाया।आरोप है कि जाते-जाते बहू और उसके मायके पक्ष के लोग सास और ससुर को जान से मारने की धमकी भी दे गए। पीड़ित गुलफाम ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने बहू और उसके परिवार के खिलाफ धारा 333, 115(2), 352 और 351(2) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।यह मामला खास इसलिए चर्चा में है क्योंकि आमतौर पर सास-बहू के विवाद में बहू ही सास-ससुर पर मारपीट का आरोप लगाती है, लेकिन इस मामले में बहू पर सास को पीटने का आरोप है।

### चोरी के रुपए से खरीदी गई बाइक और फोन नीलाम

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, प्रदेश के इतिहास में पहली बार, चोरी के पैसे से खरीदी गई संपत्ति की नीलामी की गई। सिकंदराबाद थाने में आयोजित इस नीलामी में चोरी के पैसों से खरीदी गई केटीएम बाइक और मोबाइल को क्रमशः 2 लाख 1 हजार और 16 हजार 900 रुपये में बेचा गया। यह नीलामी जिलाधिकारी सीपी सिंह और सीजेएम के आदेश पर हुई। 8 अगस्त को एक अनाज व्यापारी के यहां नौकर ने 5 लाख रुपये की चोरी की थी।सिकंदराबाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी से 1 लाख रुपये बरामद कर उसे जेल भेजा। जांच में पता चला कि आरोपी ने चोरी के पैसों से एक ड्ळट मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन खरीदे थे।चोरी की संपत्ति को जब्त करने के बाद पुलिस ने नीलामी का प्रस्ताव रखा। यह प्रक्रिया एसडीएम संतोष जगराम, सीओ पूर्णिमा सिंह और थाना प्रभारी रवि रत्न सिंह की उपस्थिति में पूरी हुई। सिकंदराबाद थाने में नीलामी के लिए कई बोलीदाता पहुंचे। बाइक और मोबाइल के लिए अलग-अलग बोली लगाई गई। बाइक 2,01,000 रुपये में और मोबाइल 16,900 रुपये में सबसे ऊंची बोली पर बेचे गए। कुल 2,17,900 रुपये की राशि नीलामी से प्राप्त हुई। यह राशि मुकदमे के वादी, पीड़ित व्यापारी को सुपुर्द की जाएगी।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील सहजनवां इकाई की वार्षिक बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। सहजनवा तहसील सभागार में आज ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पत्रकारों के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के निम्न बिंदुओं के साथ-साथ पत्रकारों के हित में तमाम चचाएं भी की गई वही वहीं बैठक के दौरान कार्यक्रम के अहम जिम्मेदारियां को निभाने वाले वरिष्ठ पत्रकार देवता दिन गुप्ता ने बताया आज से नहीं बल्कि कई वर्षों से पत्रकारों के हित के लिए ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन लगातार पूरे भारत में तेजी से कार्य कर रहा है।वही तहसील अध्यक्ष हरगोविंद चौबे ने कहा और ऐसे संगठन में हम कार्य कर रहे हैं जो संगठन हमेशा पत्रकार हित के लिए सर्वप्रथम अपने कदम को आगे बढ़ता रहता है और सहजनवां तहसील क्षेत्र में ग्रामीण पत्रकारों के हितों पर कोई सोचने बाला नही था लेकिन तहसील क्षेत्र के पत्रकारों के हितों को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने आवाज बुलंद किया और वही संगठन के कार्य को और तेज करने के लिए बेचन शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष का अनुमोदन भी किया जिसपर संगठन के सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई वही मासिक बैठक में कई महत्वपूर्ण तथ्यों पर विचार विमर्श किया गया वही विचार विमर्श भी किया गया। जिसमें सरकार व आम जनता के मध्य एक मजबूत कड़ी के तहत पत्रकारों की स्वयं श्रम भूमिका के समक्ष अनेक चुनौतियों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में निर्भीक निष्पक्ष व अडिग रहने के साथ साथ-साथ आदि विषयों पर जोर दिया जिसमें सभी ने एक स्वर में संघ के संगठन की मजबूती पर सहमति प्रदान की इस दौरान।बेचन शर्मा, देवता दिन गुप्ता, प्रभाकर मिश्रा, सुदर्शन शुक्ला, विवेक पाण्डेय अशोक चौधरी,रमेश तिवारी, प्रधान प्रवासी,नितेश शुक्ला, डीके पाण्डेय, संत राज यादव,पुरुषोत्तम अग्रवाल, रवि सिंह,सूर्य प्रताप सिंह, राघवेंद्र सिंह,रामसेवक, कृष्ण मनि मिश्रा, रवि चन्द निषाद समेत संगठन के सभी सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नीतू गुप्ता बिहार में शिक्षिका के पद पर चयन होने से परिवार में खुशियों का माहौल

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर।पीपीगंज हनुमत नगर वार्ड नंबर 2 की रहने वाली नीतू गुप्ता ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए बिहार के एक उच्च माध्यमिक विद्यालय में समाजशास्त्र विषय की शिक्षिका के पद पर चयनित हुई हैं। उनकी इस सफलता पर पूरे परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नीतू के पिता कमला प्रसाद गुप्ता एक मिडिल क्लास परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने हमेशा अपनी बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है। नीतू के बड़े और छोटे भाई भी भारतीय नौसेना में अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।नीतू ने भी अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है।नीतू के पिता कमला प्रसाद गुप्ता एक मिडिल क्लास परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने हमेशा अपनी बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है। नीतू के बड़े और छोटे भाई भी भारतीय नौसेना में अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।नीतू ने भी अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है।नीतू के पति शोभित गुप्ता ने भी उनकी पढ़ाई में हमेशा सहयोग किया है। आज के समय में जहां कई पति अपनी पत्नियों को पढ़ाई छोड़कर घर के कामकाज में लिप्त रहने को कहते हैं, वहीं शोभित ने नीतू को हमेशा प्रोत्साहित किया।नीतू की इस सफलता पर पूरे क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी है। जिला योजना सदस्य राजेश उर्फ राजू मद्धेशिया, सभासद स्नेहा मद्धेशिया सहित कई गणमान्य लोगों ने नीतू के घर जाकर उन्हें बधाई दी।नीतू की यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। यह साबित करती है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## आबकारी विभाग की छापेमारी में बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। आबकारी आयुक्त के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग ने अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाई । मुखबिर की सूचना के आधार पर आबकारी निरीक्षक एस.एन.वर्मा और सुधीर कुमार ने राजघाट थाना क्षेत्र के ग्राम अमरुतानी में छापेमारी की।छापेमारी के दौरान टीम को मौके पर लगभग 300 किलो लहन और 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई।टीम ने मौके पर ही अवैध शराब बनाने वाली भट्ठियों को भी नष्ट कर दिया।इस मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत एक मामला दर्ज किया गया है।यह कार्रवाई अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों के लिए एक बड़ा झटका है।आबकारी निरीक्षक एसएन वर्मा ने बताया आबकारी विभाग लगातार अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है और आने वाले समय में भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## शिक्षाधिकारियों को मिला सम्मान




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। राष्ट्रीय विद्यालय प्रबन्धक संघ की गोरखपुर इकाई ने महर्षि विद्या मंदिर रुस्तमपुर में आयोजित एक समारोह में कई शिक्षाधिकारियों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक अधिकारी गोरखपुर रमेन्द्र कुमार सिंह होने थे, लेकिन कुछ कारणों से वे उपस्थित नहीं हो पाए।समारोह में गोरखपुर जिले के विभिन्न ब्लॉकों के खंड शिक्षा अधिकारी जैसे मनोजीत राय (बड़हलगंज), जय प्रकाश (कौड़ीराम), उदय शंकर (गोला), और शाबिस्ता परवीन (भटहट) सहित कई अन्य शिक्षाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इन शिक्षाधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री शिवांश त्रिपाठी ने किया, जबकि जिलाध्यक्ष गणेश प्रसाद शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।इस अवसर पर राष्ट्रीय विद्यालय प्रबन्धक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गोस्वामी गौरव भारती, प्रदेश महामंत्री डॉ. विनीत मिश्र, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।समारोह में गोरखपुर जिले के सभी ब्लॉकों के खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रबंधकों को आमंत्रित किया गया था।कार्यक्रम की सफलता में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्रा, जिला मंत्री विवेक श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष अनवर अली सहित कई अन्य पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।जिलाध्यक्ष गणेश प्रसाद शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी प्रबंधकों और अतिथियों को धन्यवाद दिया।

## ब्रह्म भोज में पधारे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, परिवार को बंधाया ढांढस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के देईपार गांव के मृतक युवा कांग्रेस नेता प्रभात पांडेय के ब्रह्म भोज /प्रसाद भोज में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय का आगमन हुआ। उन्होंने युवा कांग्रेस नेता प्रभात पांडेय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया तथा परिजनों से मिलकर उनके प्रति शोक संवेदना प्रकट की।


बताते चलें कि विगत 18 दिसंबर को राजधानी लखनऊ में कांग्रेस पार्टी द्वारा विधानसभा पर प्रदर्शन के दौरान गोरखपुर के इस युवा कांग्रेस नेता की संदिग्धावस्था में मौत हो गई थी।बातचीत में उन्होंने बताया कि प्रभात पांडेय के रूप में कांग्रेस ने अपना एक नेता, एक सच्चा सिपाही खो दिया है। कांग्रेस पार्टी सदैव इस कार्यकर्ता के परिवार के साथ खड़ी रहेगी।कांग्रेस वर्किंग कमेटी में मैंने मुद्दा उठाया है कि इस परिवार को एक सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। बाकी विपक्षी भाजपा तो ओछी राजनीति करती ही है। जैसा कि अंतिम संस्कार के दीन लोगों ने देखा।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह, महिला प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शहला अहरारी ,कांग्रेस जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान, अमरेंद्र प्रताप मल्ल, मनोज यादव, योगेश प्रताप सिंह, परमेश्वर पांडेय, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चंद्र भूषण पांडेय,सैयद जमाल,आलोक सिंह , आलोक मल्ल सहित दर्जनों की संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## जीजा ने साले पर चाकू से वार किया

- गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती, पैसे के लेनदेन को लेकर हुआ था विवाद

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, लिसाड़ी थाना क्षेत्र के श्यामनगर में जीजा ने पैसे के लेनदेन को लेकर हुई कहासुनी के चलते अपने साले पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमले कर दिए। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।युवक के परिवार वालों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। पुलिस आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है। वहीं युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। श्यामनगर की गली नबर 6 के रहने वाले अनीस का उसके जीजा कासिम से रुपए के लेनदेन को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है। देर रात को कासिम अपने जीजा अनीस से अपने उधार दिए रुपए मांगने पहुंचा था। तभी अनीस ने कासिम के साथ गाली गलौज कर दी। इसी को लेकर कासिम ने अनीस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमले कर दिए जिसमें अनीस गंभीर रूप से घायल हो गया उसको गर्दन छाती हाथ और पैर में चाकू लगे हैं। हमला करने के बाद कासिम मौके से फरार हो गया। वही अनीस के परिवार वालों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अनीस को एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया।

जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं पुलिस आरोपी कासिम की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## कछुआ विमोचन कार्यक्रम का आयोजन

### नदी में 292 कछुओं को छोड़ा गया, गंगा को साफ रखने में करते है सहयोग

अमन लेखनी समाचार




अनूपशहर, बुलंदशहर अहार क्षेत्र स्थित अवंतिका देवी गंगा घाट पर वन विभाग एवं डब्लूडब्लूएफ की टीम ने कछुआ विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें 292 कछुओं को गंगा की धारा में रिलीज किया गया। अनूपशहर के अहार में गंगा की धारा में जलीय जीवों की संख्या बढ़ाने के लिए वन विभाग एवं जिला प्रशासन पूरी तरह से प्रयासरत है।इसके लिए समय-समय पर प्रशासन द्वारा कार्यक्रम आयोजित करायें जा रहे हैं।गंगा नदी को स्वच्छ व निर्मल रखने के लिए केन्द्र व राज्य सरकारें प्रयास में जुटी हुई है। गंगा को स्वच्छ रखने में जलीय जीवों की अहम भूमिका रहती है। कछुओं को गंगा स्वच्छता का दूत कहा जाता है।कछुओं को संरक्षित करने के लिए डब्लूडब्लूएफ व वन विभाग द्वारा कछुओं की निगरानी की जाती है। अवंतिका देवी गंगा घाट पर डीएफओ विनीता सिंह के नेतृत्व में कछुआ विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में 292 कछुओं को गंगा की धारा में रिलीज किया गया। विनीता सिंह ने बताया कि कछुए नदियों को स्वच्छ रखनें में अपनी अहम भूमिका निभाते है। इसके लिए इनका संरक्षण करना चाहिए। गंगा किनारे इनके अंडों के देखरेख के लिए वन विभाग द्वारा चरी में रखा गया था,जहाँ 292 कछुए अंडों से बाहर आ गये थे। इनको गंगा में रिलीज किया गया। डब्लूडब्लूएफ के सीनियर कोऑर्डिनेटर संजीव कुमार ने भी कछुओं के बारे में लोगों को रोचक जानकारी दी। इस मौके पर वन क्षेत्रीय अधिकारी प्रवेश कुमार, कमल सिंह,विजयपाल प्रधान,मनोज प्रधान, आदि लोग मौजूद रहे।

## बोर्ड बैठक में भड़के भाजपा सदस्य

### अधिकारियों को चेतावनी, भ्रष्टाचार चला तो इलाहाबाद तक घसीटूंगा

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, सदर ब्लॉक की बोर्ड बैठक में रालोद की ब्लॉक प्रमुख के सामने भाजपा सदस्य ने जमकर हंगामा किया। भाजपा नेता और ब्लॉक सदस्य कृष्णपाल सिंह ने अफसरों को कड़े शब्दों में फटकार लगाई। अफसरों पर मनमानी और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए भाजपा नेता ने कहा कि तुम्हारी मनमानी नहीं चलने दूंगा। यदि इसी प्रकार भ्रष्टाचार किया तो तुम्हे इलाहाबाद (हाईकोर्ट) तक घसीटूंगा। अब प्रदेश में योगी का राज है। बेईमानी नहीं करने दूंगा।

भाजपा नेता ने करीब दो घण्टे तक बोर्ड बैठक में हंगामा किया। भाजपा नेता कृष्णपाल सिंह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा करोड़ों रुपए विकास कार्यों के लिए भेजा जा रहा है। इन पैसों की अफसर और ठेकेदारों के बीच जमकर बन्दरबांट की जा रही है। विकास कार्यों में अनियमितता बरती जा रही है। कई जनप्रतिनिधियों की भी इसमें संदिग्ध भूमिका है। मैं पूरे मामले को इलाहाबाद हाईकोर्ट तक ले जाऊंगा। अफसरों को वहां तक घसीटूंगा।

यदि मनमानी की तो ब्लॉक की एक बैठक नहीं दूंगा। सारा पैसा जनता का है। जनता के लिए है। इसे मैं किसी भी कीमत पर तुम्हे हजम नहीं करने दूंगा। भाजपा नेता और ब्लॉक सदस्य कृष्णपाल सिंह (केपी) ब्लॉक में नेता प्रतिपक्ष हैं। वह ब्लॉक प्रमुख सीमा परवीन के सामने भाजपा के उम्मीदवार के रूप में ब्लॉक प्रमुख का चुनाव लड़े थे, लेकिन पार्टी के अंदर ही भीतरघात होने के चलते उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

## गाजियाबाद में हुक्का बार चलाने वाले 2 अरेस्ट

### व्हाट्सएप ग्रुप पर मैसेज भेजकर हुक्का बार में बुलाते थे ग्राहक, 6 हुक्के भी बरामद

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, हुक्का बार चलाने वाले 2 लोगों को पुलिस ने अरेस्ट किया है।पुलिस की जांच में आया कि यह अवैध तरह से हुक्का बार को संचालित कर रहे थे।यह वॉट्सऐप ग्रुप पर मैसेज भेजकर हुक्का बार में ग्राहक बुलाते थे।पुलिस ने मौके से 6 हुक्के व तंबाकू भी बरामद किया है।पूछताछ में पता चला कि शाम होने के बाद यहां अधिकांश युवा ही आते थे।पुलिस ने अवैध तरह से हुक्का बार चलाने वाले मालिक व मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज किया है।शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने यह छापा मारा।पुलिस ने जैद खान पुत्र शहजाद निवासी डीएलएफ शालीमार गार्डन को अरेस्ट किया है। जैद खान ने खुद को कैफे का मालिक बताया। जब पुलिस ने हुक्का बार का लाइसेंस मांगा तो लाइसेंस नहीं मिला।दूसरा पकड़ा गया आरोपी पंकज चौधरी पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी ठाकुरद्वारा शाहरा दिल्ली है।पुलिस ने 6 हुक्के बरामद किए हैं।वहीं भारी संख्या में हुक्के में प्रयोग होने वाला फ्लैवर्ड तंबाकू भी बरामद किया है।यह शालीमार गार्डन के कैलाश कुंज कैफे में यह बार चला रहे थे।

## पैसों के लेनदेन को लेकर घर पर हमला

### गर्भवती के पेट में मारी लात, पति और उसकी बहनों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के रिहान गार्डन में पैसों के विवाद में दबंगों ने को एक घर में घुसकर हमला बोल दिया।दबंगों ने घर में मौजूद गर्भवती महिला के पेट में लात मार दी जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पत्नी को बचाने आए पति और उसकी बहनों पर भी दबंगों ने तवे और लाठी डंडों से हमला किया। साथ ही दौड़ा-दौड़ाकर पिटाई कर दी।दबंगों के हमले में महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया और दबंग की तलाश शुरू कर दी।रिहान गार्डन के रहने वाले समीर का पड़ोस के रहने वाले आमिर से पैसों के लेनदेन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है।समीर का आरोप है कि इसी विवाद के चलते बृहस्पतिवार रात में दबंग इरशाद, फैजू, आमिर ने अपने आधा दर्जन साथियों साथियों के साथ मिलकर उसके घर पर हमला बोल दिया। दबंग समीर के घर में घुस गए और लाठी डंडों से समीर की पिटाई करने लगे।समीर को बचाने के लिए उसकी गर्भवती पत्नी सोनी पहुंची तो दबंगों ने सोनी के पेट में लात मार दी।दबंगों के हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, पत्नी को बचाने आए समीर और उसकी बहनों पर दबंगों ने रोटी बनाने के तवे से हमला कर दिया। सभी को दौड़ा-दौड़ा कर पीटना शुरू कर दिया। दबंगों के हमले में महिला सोनी सहित उसका पति समीर और समीर का जीजा गंभीर रूप से घायल हो गए, आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर दबंग फरार हो गए पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है

# विवाहिता की मौत पर पति समेत पांच लोग हिरासत में

## घर में घुसकर दुपट्टे से गला कस कर हत्या करने का आरोप



मृतका की फाइल फोटो



अमन लेखनी समाचार

अमेठी में एक दिन पहले विवाहिता की घर में घुसकर हत्या की गुत्थी उलझती जा रही है। पुलिस ने शक के आधार पर पति समेत पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस अब तक मृतका के गायब मोबाइल को भी नहीं बरामद सकी है। जिस सिपाही पर पति हत्या का आरोप लगा रहा था।

### सिपाही तक नहीं पहुंच पाई है पुलिस

दरअसल शनिवार की दोपहर अमेठी कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर रोड स्थित आवास विकास कालोनी के सामने रहने वाली दिव्या अग्रहरी पत्नी आलोक अग्रहरी की अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर दुपट्टे से गला कस कर हत्या कर दी थी।

### सिपाही पत्नी से करता था बात

आरोपी सिपाही उसकी पत्नी से बात करता था। घर भी आता जाता था। घटना के तीन दिन पहले भी आरोपी उसके घर आया था। घटना के बाद पुलिस ने फोरेंसिक की मदद से मौके से साक्ष्यों को संकलित किया। जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।घटना के बाद से मृतका का मोबाइल गायब है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है। मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस ने सीडीआर निकालकर पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।पुलिस ने पति को हिरासत में लिया है।

घटना के बाद पति आलोक अग्रहरी ने डायल 112 में तैनात एक सिपाही पर हत्या का आरोप लगाया था। पति का आरोप था कि तीन महीने पहले पति-पत्नी में हुए विवाद के बाद पुलिस आई थी।

### मृतका के घर के पास किराए के माकान मे रहता था सिपाही

जानकारी मिल रही है कि जिस सिपाही पर हत्या का आरोप लगा है, वो मृतका के घर से 100 मीटर दूर एक मकान में किराए पर रहता है।मृतका के भाई संजीव कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। बताया कि घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचा, तो देखा कि मेरी बहन की हत्या हुई है। फिलहाल तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

# अवैध कब्जे की शिकायत पर पीपरपुर दरोगा को एसपी ने किया संस्पेंड

## कार्रवाई, न होने पर सीओ ने जांच के बाद दी रिपोर्ट




अमन लेखनी समाचार

अमेठी में कार्यों में लापरवाही बरतना एक दरोगा को महंगा पड़ गया। सीओ की जांच में पुष्टि होने के बाद एसपी ने दरोगा को निलंबित कर दिया है। मामला पीपरपुर थाना क्षेत्र के का है, जहां एक दरोगा ने बंजर की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर कोई वैधानिक कार्रवाई नहीं की थी।पूरा मामला पीपरपुर थाना क्षेत्र का है, जहां एक सप्ताह पहले डायल 112 और पुलिस को सूचना मिली कि बंजर की भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। शिकायत के बाद डायल 112 और हल्का दरोगा संतोष कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे और काम को रुकवा दिया।

मामला संज्ञान में होने के बावजूद दरोगा ने मामले में किसी प्रकार की वैधानिक कार्रवाई नहीं की और किसी भी व्यक्ति को पाबंद नहीं किया। मामले में दरोगा की लापरवाही सामने आई, जिसके पूरे मामले की जांच सीओ अमेठी को सौंपी गई। जांच में सामने आया कि काम रुकवाने के बाद दरोगा द्वारा किसी प्रकार की निरोधात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

### पुलिस लाइन भेजा गया

सीओ ने जांच रिपोर्ट एसपी को भेज दी। इसके बाद एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने दरोगा संतोष कुमार मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एसपी की कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।दरोगा को पुलिस लाइन से संबंध कर दिया गया है।

# अमेठी एसपी के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चला अभियान

## 24 अभियुक्त गिरफ्तार,भारी मात्रा में स्मैक और अवैध असलहे बरामद





अमन लेखनी समाचार

अमेठी एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर पिछले 24 घंटे जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अपराधियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया गया। पुलिस के अभियान में 24 अभियुक्त गिरफ्तार हुए, जिसमें 17 वारंटी है। अभियान में भारी मात्रा में स्मैक और अवैध असलहे भी बरामद हुए।

दरअसल ,कुछ दिन पहले ही अमेठी की कमान संभालने वाली एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर पिछले 24 घंटे अपराधियो के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया गया। पुलिस द्वारा चलाये गए अभियान में बाजार शुकुल पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया। जगदीशपुर,भाले सुल्तान,गौरीगंज,मुंशीगंज शिवरतनगंज, इन्हौना,पीपरपुर और संग्रामपुर पुलिस ने एक एक वारंटियों को गिरफ्तार किया। अमेठी,मोहनगंज और जामो पुलिस ने दो दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। वहीं रामगंज पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उनके पास से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया।मोहनगंज पुलिस ने एक अभियुक्त विनोद कुमार उर्फ ऊदल को गिरफ्तार कर एक अवैध अद्धी बंदूक,एक अर्ध निर्मित तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया है।जायस,रामगंज,इन्हौना,भाले सुल्तान और मुसाफिरखाना पुलिस ने पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लाखों रुपए कीमत का 119 ग्राम स्मैक और 600 ग्राम गांजा बरामद किया है।फिलहाल पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों पर विधिक कार्यवाही करने में जुट गई है।

# वाहन ने बुजुर्ग को कुचलाः मौके पर मौत, शव के हुए चीथड़े



अमन लेखनी समाचार

अमेठी सुबह तेज रफ्तार वाहन ने बाईपास पर अर्ध विछिप्त बुजुर्ग को कुचल दिया। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद हादसा करने वाली गाड़ी मौके से फरार हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

दरअसल, ये पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के सुलतानपुर रोड स्थित बाईपास ओवरब्रिज का है। जहां आज सुबह पड़ोस के मोहल्ले गंगागंज के कलवारन टोला का रहने वाला अर्धविक्षिप्त बुजुर्ग ज्ञान प्रकाश जायसवाल घूमने के लिए गया था। ज्ञान प्रकाश अभी ओवरब्रिज पर पहुंचा ही था कि अज्ञात वाहन से उसे कुचल दिया। हादसे में ज्ञान प्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई और शव के चीथड़े हो गए। कुछ देर बात परिजन उसे ढूंढते हुए बाईपास ओवरब्रिज पर पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही अमेठी थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर रामचेत यादव दलबल के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना को लेकर अमेठी एसएचओ बृजेश सिंह ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सीसीटीवी की मदद से हादसा करने वाली गाड़ी की भी तलाश की जा रही है।


# सखी वन स्टाप सेंटर द्वारा घर से बिछड़ी महिला को उसके परिजनों से मिलाया

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया महिला सशक्तिकरण के लिए संचालित वन स्टाप सेंटर अमेठी में घरेलू हिंसा, बाल विवाह, दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़ जैसे मामलों को लेकर वन स्टॉप सेन्टर बालिकाओं और महिलाओं को राहत दिलाने के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं हैं। वन स्टाप सेंटर की केंद्र प्रबंधक गायत्री देवी ने बताया 28 दिसंबर 2024 को यूपी 112 द्वारा सखी वन स्टाप सेंटर में रात्रि 2 बजे एक अज्ञात महिला को दाखिल किया गया था जो मानसिक रूप से अस्वास्थ्य थी। अगले दिन वन स्टाप सेंटर की केन्द्र प्रबंधक व केस वर्कर वन स्टॉप सेन्टर द्वारा महिला से पूछताछ की गयी तो महिला कुछ भी नहीं बता पा रही थी महिला बहुत डरी हुई थी महिला को समझाया गया आप मुझसे अपनी बात बता सकती है तो महिला ने कहा मुझे कुमारगंज पिपरी हलियापुर जाना है हलियापुर चौकी प्रभारी से बात किया गया तो महिला से संबधित कोई जानकारी नहीं मिली तत्पश्चात महिला से पूछा गया तो महिला ने मोबाइल नंबर बताया। मोबाइल नंबर पर सम्पर्क किया गया तो महिला की ननद थी ननद से महिला के बारे में पूछा गया तो महिला की ननद ने मेरी भाभी है तीन दिन से बिना बताये घर से गायब है सब उसको ढूंढ़ रहे है तब महिला की ननद ने महिला का नाम पिंकी सिंह पति नाम अंकुर सिंह ऊर्फ अनुज सिंह गांव का नाम अजीत नगर ठकुराईया थाना कोतवाली नगर चौकी मकन्दरूगंज जनपद प्रतापगढ़ बताया। महिला की ननद रेनू सिंह को बताया गया कि आपकी भाभी जी सखी वन स्टाप सेंटर अमेठी में सुरक्षित है तो महिला के पति दिनांक - 28/12/2024 को समय 5 बजे सखी वन स्टाप सेंटर अमेठी आये पति पत्नी दोनों मिलकर बहुत खुश हुए और 7 बजे वन स्टाप सेंटर अमेठी से अपने साथ प्रतापगढ़ घर ले गये वन स्टॉप सेन्टर के समस्त कर्मचारियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर वन स्टॉप सेन्टर की केंद्र प्रबंधक गायत्री देवी, केस वर्कर ममता यादव एवं 112 की टीम उपस्थित रहे।

# एक वैवाहिक जोड़ा साथ रहने को हुआ राजी




अमन लेखनी समाचार

अमेठी 'मिशन शक्ति' नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत उ0नि0 ममता रावत थानाध्यक्ष महिला थाना मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया गया । जिसमें 01 वैवाहिक जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गईं ।

# भेंटुआ विकास की ग्राम पंचायतों में स्ट्रीट लाइट के नाम पर लाखों खर्च

## फिर भी गांवों में छाया अंधेरा, चोर-उचक्के सक्रिय

अमन लेखनी समाचार







अमेठी भेंटुआ। ग्राम पंचायतों में विकास की जिम्मेदारी प्रधानों पर होती है, लेकिन जब जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया जाए, तो हालात ग्राम पंचायत मई जैसे बन जाते हैं। लाखों रुपये की लागत से लगाई गईं स्ट्रीट लाइटें महीनों से खराब पड़ी हैं। ठंड और कोहरे के बीच छाया अंधकार न केवल ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा रहा है, बल्कि अराजक तत्वों और चोर-उचक्कों के लिए सुनहरा मौका बन गया है।ग्रामीणों का कहना है कि स्ट्रीट लाइटें सिर्फ कागजों में चालू हैं और खंभों पर शोभा बढ़ा रही हैं। हकीकत यह है कि ये महीनों से बंद पड़ी हैं। कुछ दिनों पहले अंधेरे का फायदा उठाकर गौ तस्करों ने गांव में वारदात को अंजाम दिया, लेकिन न तो ग्राम प्रधान ने इस पर कोई ध्यान दिया और न ही ब्लॉक के अधिकारियों ने।ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान और सचिव की मिलीभगत से विकास कार्यों के नाम पर केवल धन उगाही होती है। योजनाएं कागजों तक सीमित रह जाती हैं, और जमीन पर कुछ भी नहीं बदला जाता।

### जिला प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग

भेंटुआ विकास खंड के दर्जनों ग्रामपंचायतों में जब इसका जायजा लिया गया तो खंबे में बाबा आदम के जमाने से टूटी फूटी स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी है ग्रामीणों की सुरक्षा खतरे में है। महिलाएं और बच्चे शाम होते ही घरों में कैद हो जाते हैं। गांव के लोग जिला प्रशासन से इस मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि जल्द ही स्ट्रीट लाइटें ठीक नहीं की गईं, तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

### आखिर सवाल यह है

इस अनदेखी का जिम्मेदार कौन है? प्रधान, सचिव, या ब्लॉक अधिकारी और कब तक ग्रामीण ऐसे ही परेशान रहेंगे? इस बाबत खंड विकास अधिकारी से संपर्क का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी

# ब्राह्मण स्वाभिमान एकता मंच की मासिक बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार



अमेठी ब्राह्मण स्वाभिमान एकता मंच के पदाधिकारियों की मासिक बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश तिवारी के अंतू रोड अमेठी स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पार्चन के साथ हुआ। बैठक में समाज में व्याप्त बुराइयों जैसे नशा, दहेज प्रथा आदि को दूर करने हेतु चिंतन किया गया सभी ने इन कुरीतियों को दूर करने हेतु अपने विचार साझा किये ।दिनेश तिवारी जी ने शुरू होने जा रहे वर्ष 2025 की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर और अधिक ऊर्जा के साथ न सिर्फ संगठन का विस्तार करना होगा बल्कि समाज व्याप्त बुराइयों को दूर करते हुए हिन्दू समाज को मजबूत करने का कार्य करना होगा। हिंदू समाज की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए हम सभी को मिलकर मुहिम चलानी होगी तभी हम अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो सकेंगे ।

# ना गर्मी की चिंता ना सर्दी का भय, गोमती मित्रों का श्रमदान होना है तय

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर एक वर्ष में में 52 रविवार होते हैं और पिछले 12 वर्षों में कोई रविवार ऐसा नहीं बीता जब गोमती मित्र मंडल ने स्वच्छता जागरूकता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन न किया हो, चाहे तपती गर्मी हो,पानी जमा देने वाली ठंड हो या फिर घनघोर बारिश और यही वजह है कि जनपद वासी भी कहने लगे हैं की गोमती मित्र बनना नहीं है आसान हर मौसम में करना होता है श्रमदान,वर्ष 2024 के आखिरी रविवार को भी गोमती मित्रों ने पूरे उत्साह के साथ सीता कुंड धाम पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाते हुए पूरे परिसर की सफाई की साथ ही सोमवार प्रातः 10:00 बजे उ.प्र.के मा.मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को देने के लिए सीता कुंड धाम से निकलने वाली ज्ञापन यात्रा की भी तैयारी की, प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने सभी को जिम्मेदारी सौंपते हुए जनपद के तमाम स्वयंसेवी संगठनों से ज्ञापन यात्रा में उपस्थित रहने का आवाहन किया,यात्रा संयोजक युवा मंडल के आलोक तिवारी ने सभी को यात्रा मार्ग की जानकारी दी,श्रमदान कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक रतन कसौधन,प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन,प्रबंधक राजेंद्र शर्मा,मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी,आलोक तिवारी,राकेश सिंह दद्दू,मुन्ना सोनी,मुन्ना पाठक, डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह,दाऊजी कैलाशी,सुजीत कसौधन,अमित पांडा अर्जुन अभय,आयुष आदि उपस्थित रहे।

# गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर के माती स्थित गांधीनगर निवासी पप्पू नाथ ने डेविड उर्फ दीनानाथ और यही के अशरफ नगर निवासी मोहित उर्फ बंटी के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।पप्पू नाथ का कहना है कि बीती 23 दिसंबर को मोहल्ले की ही रहने वाली रचना के भाई डेविड उर्फ देवी नाथ व मोहित ने मेरे बेटे सर्वेश को 9 बजे रात में रॉड से मारा पीटा और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। सिर पर रॉड लगने से बेटे सर्वेश का सिर फट गया। उसे पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप लगाया है कि आरोपियों के पिता ने इलाज कराने को कहा था, लेकिन बाद में पैसे देने से मुकर गए। फिलहाल बिजनौर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# महिला की हत्या के मामले में परिजनों ने अंतिम संस्कार से किया इंकार

## आरोपी सिपाही को गिरफ्तार करने और पति को छोड़ने की मांग

अमन लेखनी समाचार



अमेठी में विवाहिता की हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। पोस्टमार्टम के बाद जब दिव्या अग्रहरी का शव उसके घर पहुंचा, तो परिजन आक्रोशित हो गए। उन्होंने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया और पुलिस से दो प्रमुख मांगें रखीं। पहले, पति चंदन अग्रहरी को रिहा किया जाए, क्योंकि परिजनों का दावा है कि वह निर्दोष है। दूसरी, हत्या के आरोप में शामिल सिपाही को तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

यह घटना अमेठी कोतवाली क्षेत्र की है, जहां सुल्तानपुर रोड स्थित आवास विकास कॉलोनी के सामने मंगलवार दोपहर दिव्या अग्रहरी की घर में घुसकर दुपट्टे से गला दबाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बुधवार शाम करीब 4:30 बजे जब शव घर पहुंचा, तो परिजन भड़क उठे। उनकी मांग थी कि चंदन को तुरंत छोड़ा जाए और असली आरोपी सिपाही को गिरफ्तार किया जाए।

### स्थिति को संभालने के लिए पुलिस बल एंव पीएसी तैनात.....

अमेठी, रामगंज, जायस, मुंशीगंज, संग्रामपुर, पीपरपुर सहित आधा दर्जन थानों की पुलिस, महिला थाना बल और पीएसी को तैनात किया गया। सीओ मनोज मिश्रा खुद मौके पर मौजूद रहे और परिजनों को समझाने की कोशिश में जुटे। परिजनों ने पुलिस को नई तहरीर दी है।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



वैसे तो जीवन का हर पल ही नया होता है, अभूतपूर्व होता है। लेकिन जब एक निश्चित कालावधि बीतती है तो आने वाले समय के प्रति मन में उमंग, उत्साह और आशाएं हिलोरें लेने लगती हैं। ये आशाएं तभी फलीभूत हो सकती हैं, जब हम पूरी सकारात्मकता के साथ ना केवल शुभ संकल्प लें, उन्हें पूरा करने के लिए प्रयास भी करें। साथ ही हम अपने तन-मन का, अपनों का और पूरी मनुष्यता की बेहतरी के लिए भी संभव प्रयास करने का संकल्प लें।

# नव उमंग-उत्साह नव नववर्ष के नवसंकल्प

आवरण कथा / कुमार राधारमण

एक और नया साल हमारे सामने है। वसंत की पृष्ठभूमि लिखी जा रही है। कुछ पुराना छूटने को है, तो कुछ नए के प्रति मन आशा, उमंग और उल्लास से सराबोर है। वास्तव में, नएपन का बोध व्यक्ति को ऊर्जा से भर देता है। नया साल 2025 इस ऊर्जा को नई दिशा देने के संकल्प से भरने का समय है।

## संबंधों में बनाए रखें संतुलन

यह दुनिया संबंधों की है। हम अपनी सफलता-असफलता को भी अकसर इसी संदर्भ में आंकते हैं। सफलता नए संबंध जोड़ती है, लेकिन उससे उपजा अहंकार हमारे बरसों पुराने संबंधों में तल्खी भी ला देता है। नया साल इनके बीच संतुलन बिठाने और अप्रिय प्रसंग से ऊपर उठने का अवसर है। नए संबंध बनाएं, लेकिन पुराने में भी आत्मीयता बने रहने दें। इससे हमारा कद और ऊंचा होगा, मान-सम्मान बढ़ेगा। हम यह भी कभी ना भूलें कि कोई भी असफलता स्थायी नहीं है। जीवन में हमेशा एक से अधिक विकल्प मौजूद होते हैं। किसी असफलता विशेष को बड़ा मुद्दा ना बनने दें, खुद पर हावी ना होने दें और निरंतर आगे बढ़ने की सोचें। वास्तव में, सफलता-असफलता से इतर एक बेहतर मनुष्य होना, कहीं बड़ी चुनौती है। इसलिए सफल होने के प्रयासों के साथ ही हम बेहतर इंसान बनने की दिशा में हमेशा प्रयत्नशील रहें, ऐसा संकल्प हमें नूतन वर्ष के लिए करना चाहिए।

## आभासी दुनिया में ना हों गुम

हम सब एक ऐसे दौर में हैं, जब अधिकतर लोगों का काफी समय आभासी दुनिया (सोशल मीडिया) में गुम हो रहा है। निस्संदेह सोशल मीडिया ने रचनात्मकता के नए मंच दिए हैं, जिसमें हम सबके लिए अपने को अभिव्यक्त करने का अवसर उपलब्ध हुआ है। लेकिन हममें से अधिकांश अपना बेशकीमती समय दूसरों के बनाए रील्स और एकतरफा विचारों की भीड़ में खो रहे हैं। सोशल मीडिया ने हमें अपनी कठपुतली बना लिया है और पर्सनल स्पेस के नाम पर हम दिन-रात ऐसी निरर्थक, भ्रमित करने वाली चीजें देख रहे हैं, जिनसे हमारा ना तो कोई हित सधता है और ना ही हम अपनी क्षमताओं का उपयोग कर पा रहे हैं। हम कभी ना भूलें कि समय से बढ़कर कुछ नहीं। व्यावहारिक जीवन में वास्तविक रिश्तों और मित्रों से जुड़े रहें, वे ही हमारे सुख-दुख के सच्चे साथी हैं।

## सेहत का रखेंगे पूरा ध्यान

जीवन में सबसे बड़ी नियामत स्वास्थ्य ही है। अगर हम बीमार हैं, तो चाहे जितना कमा लें, सुखभोग नहीं कर पाएंगे। आज के दौर में अधिकतर महत्वाकांक्षी, बड़ी कंपनियों में उच्च वेतन पर नौकरी करने वाले युवाओं के पास आराम का समय नहीं है, वे अपनी सेहत से लगातार खिलवाड़ कर रहे हैं। अधूरी नींद और काम के तनाव से मानसिक रोगियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। बड़ी संख्या में युवा अस्पतालों के चक्कर लगा रहे हैं। बीमारी का मसला व्यक्तिगत नहीं होता, वह पूरे परिवार को प्रभावित करता है। नया साल अच्छी सेहत के लिए संकल्प लेने का एक सुअवसर है। खूब कमाएं, खाएं आनंद करें, लेकिन सेहत को नजरअंदाज बिल्कुल ना करें।



## धनार्जन जरूरी है लेकिन

आज का समय आर्थिक उन्नति का दौर है। खासकर विगत कुछ वर्षों में कमाई के नए रास्ते खुले भी हैं और हम सबकी आमदनी में काफी इजाफा हुआ है। आर्थिक संपन्नता बेशक भविष्य के प्रति आश्वस्त तो करती ही है, रचनात्मकता को नए आयाम भी प्रदान करती है। लेकिन धनार्जन की ऐसी अंधी दौड़ का हिस्सा ना बने, जहां कई पीढ़ियों के लिए संपत्ति जुटा लेने की चाहत में हमारा चैन ही खो जाए। असली और सबसे बड़ा धन विवेक है। इसीलिए गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है, 'जहां सुमति तहं संपति नाना।' धन खर्चने के साधन भी सीमित ही होते हैं। महत्वपूर्ण यह है कि हम सब कुछ पा लेने के बाद भी भीतर से खुश हैं या नहीं। जिसके पास खुशी है, वही सुखी है, वही सबसे धनी है।



## बने रहें सकारात्मक


संभव है, बीत रहे वर्ष में हमने जो संकल्प लिए, उनमें से कुछ पूरे हुए और कुछ अधूरे रहे होंगे। ऐसे में सकारात्मकता के साथ अपने हर प्रयास का मूल्यांकन करें। आने वाले साल में 'बीती ताहि बिसारिए' की तर्ज पर नई ऊर्जा के साथ नए संकल्प से भरने का प्रयास करें। जिसके भीतर जज्बा है, मंजिल उससे बहुत दूर नहीं रहती। लेकिन मंजिल हमारे लिए ठहराव का कारण ना बनने पाए। ओशो कहते हैं कि जीवन का कोई लक्ष्य नहीं है, जीवन स्वयं में एक लक्ष्य है। चरैवेति की संकल्पना इसलिए ही की गई है। हम भी हमेशा आशावान और सकारात्मक बने रहें।

## बढ़ाएं अपनेपन का दायरा

नए वर्ष में ही नहीं आने वाले तमाम वर्षों में दुनिया निरंतर बेहतर हो इसके लिए हम सब इंसानों को बेहतर बनने का प्रयास करना होगा। बेहतर इंसान वह है, जिससे मनुष्यता थोड़ी और समृद्ध हो। यह समृद्धि आत्मज्ञान और अच्छे के लिए पहल करने से आएगी, अपनेपन का दायरा बढ़ाने से आएगी। ज्योतिषी कहते हैं, 2025 मंगल का साल है। इस साल मंगल सात बार अपनी राशि बदलेगा। मंगल को ऊर्जा का कारक माना गया है और ऊर्जा के सात चक्र हैं। ऊर्जा के ये सभी चक्र जागृत हों और इस पूरे वर्ष हम सबके प्रति भी मंगल की भावना प्रबल हो। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ नववर्ष मुबारक! *

## करें ध्यान, चित्त रखें शांत

**समस्या व्यक्ति** के भीतर की हो या देश-दुनिया की, उसकी जड़ यह है कि हमारे भीतर से आध्यात्मिकता विदा हो रही है। हम शांत चित्त नहीं रह पा रहे हैं। श्रेष्ठ दिखने और स्वीकार किए जाने की चाहत संघर्ष को जन्म दे रही है, जिसका कोई अंत नहीं है। दुनिया को धार्मिक नहीं, आध्यात्मिक लोग चाहिए। विश्व संस्कृति को भारत की जो मूल देन है, उनमें से एक है- ध्यान। यह स्वागत योग्य है कि संयुक्त राष्ट्र ने बीत रहे वर्ष में विश्व ध्यान दिवस (21 दिसंबर) मनाने की शुरुआत की है। ध्यान अपने मूल रूप में शांत और स्वस्थ रहने का माध्यम भर नहीं है। ध्यान का मूल प्रयोजन शरीर से परे होने का अनुभव करना है। इस अनुभव पर हम सबका अधिकार है। नए वर्ष में हम इस दिशा में भी जरूर आगे बढ़ें।





## बना रहे प्रकृति का सान्निध्य

**प्रकृति हमारे** चारों ओर है, उससे मिलने वाले संसाधन निःशुल्क हैं। प्रकृति का अर्थ समुद्रतट या हिल स्टेशन मात्र से नहीं है। हम प्रकृति के जितने निकट जाएंगे, उतने ही प्रकृति की विराटता को जान स्तब्ध रह जाएंगे। जितने भी संबुद्ध पुरुष हुए हैं, उन सबके जीवन में प्रकृति से निकटता रही है। अकसर हमारा ध्यान ही इस तरफ नहीं जाता कि प्रकृति हमारे लिए कितनी सुलभ है। प्रकृति हमें शांतचित्त तो करती ही है, जीवन को उसकी गहराई में, वास्तविकता में जानने-समझने का मौका भी देती है। समुद्रतट और हिल स्टेशनों पर जाना हमें इसलिए अच्छा लगता है कि वहां हम अनायास ही मौन में उतर जाते हैं। वह मौन हमारे भीतर की मूल प्रकृति है। उसमें हमें अभूतपूर्व शांति मिलती है।

## ये सूत्र नववर्ष में दिलाएंगे मनचाही सफलता

नववर्ष में आप पिछले वर्ष से और अधिक सफल और समझदार बनना चाहेंगे, इसके लिए आपको कुछ सूत्र अपनाने होंगे। इन्हें जब आप अमल में लाएंगे तो सफलता जरूर आपके कदम चूमेगी।

**जरूरी बातों पर ध्यान केंद्रित करें:** सर्वप्रथम उन्हीं बातों पर अपना ध्यान केंद्रित करें, जो आपके लिए जरूरी हैं, इन्हें आप नियंत्रित भी कर सकें। लोगों या परिस्थितियों पर अपनी प्रतिक्रिया को नियंत्रित करना भी सीखें। सफलता के लिए यह बहुत जरूरी है।

**हर किसी से सीखें अच्छी बातें:** लोगों में बुराई नहीं अच्छाई ढूंढें। तभी आपको नए अनुभव प्राप्त होंगे। हर किसी में कोई ना कोई अच्छाई जरूर होती है। आप इनसे कोई अच्छी बात सीख या जान सकते हैं। इन अच्छाइयों को आप भी अपने जीवन में अपनाएं।

**बोलें कम सुनें ज्यादा:** संभवतः ईश्वर ने हमें दो आंखें और दो कान लेकिन मुंह सिर्फ एक इसलिए दिया है कि ताकि हम बोलें कम, सुनें ज्यादा। कहने का मतलब हमारा अवलोकन हमेशा अच्छा होना चाहिए।

**जो जरूरी हो वही करें:** कुछ भी बोलते या किसी से वादा करते समय यहां तक कि कोई चीज खरीदते समय भी पहले खुद से पूछें- क्या यह वाकई जरूरी है?



**समझें समय की कीमत:** आपको अपने समय को उतना ही कीमती समझना चाहिए, जितना रुपए-पैसे या धन-संपत्ति को समझते हैं।

**अपनी आदतों पर दें ध्यान:** आप अपनी आदतों के कारण ही जाने जाते हैं। आप अपनी आदतों के प्रोडक्ट हैं। आपकी आदतें ही आपको अच्छा-बुरा या सफल-असफल इंसान बनाती हैं। इसलिए अपनी आदतों पर ध्यान दें। अच्छी आदतें बढ़ाएं और बुरी आदतें खत्म करें।

**अपना आकलन करें:** हर दिन, हर सप्ताह, हर पखवाड़े, हर महीने अपनी उपलब्धियां, कार्यशैली, किए गए काम या प्रयासों का ईमानदारी से आकलन करें। अपनी गलतियों को सुधारने के प्रति निरंतर सचेष्ट रहें।



**जरूरी नहीं हर सवाल का जवाब:** लोगों द्वारा की गई हर पूछताछ का जवाब देना जरूरी नहीं है। चुप्पी साधना आपका अधिकार है। यह गलत जवाब देने या जवाब देकर विवाद में उलझने से ज्यादा समझदारी का काम है। साथ ही उन परिस्थितियों के प्रति कतई चिंतित ना हों, जो अभी आई ही नहीं हैं।

**कभी ना रहें निष्क्रिय:** ठाले से बेगार भली। ध्यान रखें कि खाली दिमाग शैतान का घर होता है और निष्क्रिय रहना शरीर के लिए नुकसानदायक होता है। इसलिए हमेशा सक्रिय बने रहें। आपके जीवन का एक-एक पल ऐसा कीमती होना चाहिए मानो आप कभी भी मर सकते हैं। ऐसा समझें कि जीवन का हर नया पल आपको बोनस के रूप में मिल रहा है।

**मन में ना रखें प्रतिशोध की भावना:** लोगों से प्रतिशोध लेने की कभी ना सोचें। सबको अपनी मेहनत और सफलता से प्रभावित करें। अपने काम पर फोकस रहें, नतीजे अपने आप अच्छे आएंगे। आपके लिए सफलता क्या है, यह आप स्वयं तय करें।

**स्वीकार करें चुनौतियां:** कभी भी चुनौतियों से भागें नहीं, इन्हें स्वीकार करें। भीड़ के पीछे चलकर भीड़ का हिस्सा ना बनें। आप अपना रास्ता स्वयं तय करें।

**सलाह और मदद में न करें संकोच:** मदद या सहयोग मांगने में अपनी हेठी महसूस ना करें। अनावश्यक श्रम, समय और संसाधन का अपव्यय करने से अच्छा है किसी अनुभवी से सलाह ले लें।

**परफेक्शन का सही अर्थ समझें:** रोज कम से कम कोई एक काम ऐसा करें, जो आपको कल से ज्यादा समझदार और बेहतर बनाए। परफेक्शन नाम की कोई चीज इस दुनिया में नहीं है। हर क्षण सबसे परफेक्ट है, अगला पल इंपरफेक्ट हो सकता है।

**मल्टी टास्किंग से रहें दूर:** कुछ लोगों की ओवर वर्किंग और मल्टी टास्किंग की आदत होती है। एक समय में एक ही काम को परफेक्शन से करें। लेकिन जो लोग काम को टालते हैं, वह भी अच्छी बात नहीं है। इसलिए नियत समय पर हर काम को पूरा करें।

**असफलता से ना डरें:** असफलता से आपको डरने की जरूरत नहीं है, इतनी मेहनत करें कि विफलता आपसे खुद डरे। *

-शिखर चंद जैन

दोहे

अशोक 'अंजुम'

## नए साल का जश्न



कुहरे का तंबू तना, नए साल का जश्न।
उत्तर भीगे ओस से, आग खोजते प्रश्न।।
नए वर्ष में वर्ष-भर, जलें प्यार के दीप।
बिना प्यार के है मनुज, ज्यों मोती बिन सीप।।
नए-नए सपने लिए, द्वार खड़ा नववर्ष।
सबके जीवन को मिले, सुख-समृद्धि हर्ष।।
आने वाले वर्ष में, चहुं दिशि रहे उजास।
मानवता जीवित रहे, हम सब करें प्रयास।।
नए वर्ष! स्वागत करें, तम का करना नाश।
मिटने मत देना कभी, आशा और विश्वास।।
नया-नया उल्लास ले, आया समय-विहंग।
छा जाए आकाश पर, मन में भरी उमंग।।
नए साल पर हम सभी, लें संकल्प विशेष।
कहीं न अब नफरत रहे, मिटे दिलों से द्वेष।।
डिगे नहीं हम कर्म से, करें धर्म-निर्वाह।
नए वर्ष पर हम चलें, सदा सत्य की राह।।

छोटी कहानी

डॉ. यशोधरा भटनागर

जो बीत गया, वह सिखाने के लिए था। और जो आने वाला है, वह जीने के लिए है, यही सोच हर इंसान की होनी चाहिए। नए साल की सुबह का ऐसे ही स्वागत करना चाहिए। मन को छूती कहानी।

## सर्द दिसंबर की वो शाम



सर्दियों की वह ठंडी शाम थी। सूरज पश्चिम के आगोश में समा चुका था। आसमान हल्का नारंगी होते-होते गहरे नीले रंग में बदल रहा था। किसी पुराने सपने के धुंधलेपन-सी हल्की धुंध चारों ओर फैल चुकी थी। खिड़की के बाहर गली की स्ट्रीट लाइट्स मद्धिम रोशनी बिखेर रही थीं, जो धुंध में झिलमिलाती-सी लग रही थीं। सड़क पर कुछ बच्चे खेलते हुए जोर-जोर से हंस रहे थे, उनकी आवाजें सर्द हवा के साथ घुल-मिल रही थीं।

मैं अपने कमरे में, खिड़की के पास रखी कुर्सी पर बैठा था। कमरे में हल्की रोशनी थी, सामने छोटी-सी मेज पर एक जलती हुई मोमबत्ती टिमटिमा रही थी। उसकी हल्की रोशनी पूरे कमरे में एक अजीब-सा सुकून भर रही थी। मैंने पास ही रखा चाय का कप उठाया, उसकी भाप ने मेरे चेहरे को हल्का-सा छुआ। कप पकड़ते हुए, मेरी अंगुलियों में एक हल्की गर्माहट फैल गई।

उस शाम मैंने लंबे समय बाद अपनी डायरी उठाई। हर पन्ना मुझे मेरे बीते हुए दिनों की ओर खींच रहा था। कई पन्ने आंसुओं से धुंधले हो गए थे, जैसे उन पर किसी ने अपने गहरे दर्द को लिखकर बहा दिया हो। एक पन्ने पर लिखा था, 'कभी-कभी मुश्किलें इंसान को उसकी गहराइयों से मिलाने आती हैं।' मैंने उस पन्ने को पढ़ते हुए खिड़की के बाहर देखा। दूर कहीं कोहरे में लिपटे पेड़ खड़े थे, मानो उन्होंने अपनी जड़ें जमीन में और गहरी कर ली हों ताकि हाड़ कंपा देने वाली ठंड से मुकाबला कर सकें।

शहर की हलचल धीरे-धीरे कम हो रही थी। घरों के अंदर से आती रोशनी, बाहर की ठंडी सड़कों पर अपनी मौजूदगी का एहसास करा रही थी। तभी अचानक एक गाड़ी सड़क से गुजरी, युवा खिलखिलाहटों का स्वर चारों ओर बिखर गया। मैंने डायरी का एक और पन्ना पलटा। इस बार लिखा था-'जब दर्द गुजर जाएगा, तब सुकून आएगा। और उस सुकून में खुद को तलाशना।'

मुझे लगा कि शायद यही पल था। वह दर्द भरा दौर कहीं पीछे छूट गया था, इस दिसंबर की सर्द शाम में मैं खुद से पहली बार मिला।

धीरे-धीरे कमरे में सन्नाटा छा गया। सिर्फ दीवार पर टंगी घड़ी की टिक-टिक की आवाज सुनाई दे रही थी। बाहर हल्की ठंडी हवा चलने लगी थी। खिड़की से बाहर झांकते हुए देखा- गली के दूसरी तरफ एक बुजुर्ग जोड़ा हंसते-मुस्कुराते एक-दूसरे का हाथ थामे जा रहा था। उनकी चाल धीमी थी, लेकिन उनके बीच एक अजीब-सी गरमाहट दिख रही थी। वह गरमाहट, जो सर्द मौसम में भी इंसान को हिम्मत देती है।

उस पल मैंने खुद को उस बुजुर्ग जोड़े जैसा महसूस किया। मैंने अपने भीतर के रिश्तों को समझा, अपने अकेलेपन से दोस्ती की। वह शाम बस एक शाम नहीं थी, वह मेरे जीवन के एक लंबे दर्द भरे सफर का ठहराव था।


जैसे ही चाय की आखिरी घूंट खत्म हुई, मैंने ठंडी हवा को अपनी हथेली पर महसूस किया। एक गहरी सांस ली और खुद से कहा, 'जो बीत गया, वह सिखाने के लिए था। और जो आने वाला है, वह जीने के लिए।'

सच में, कहीं बीत गई सर्द दिसंबर की वह शाम, लेकिन उसके साथ मैं भी बीते हुए पलों से आगे बढ़ गया। अब मैं तैयार था। एक नई सुबह के लिए। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## गहन आध्यात्मिक चिंतन

नव वेदांत के आध्यात्मिक चिंतक राजीव मुद्गल की यह पुस्तक 'देवताओं का मौन' धर्म और अध्यात्म को लेकर समाज में बनी-बनाई कई अंध-धारणाओं और अव्यावहारिक मान्यताओं को ध्वस्त करती है। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि इसे वे सायास नहीं करते हैं। बल्कि वेदांत के मर्म को तर्क के धरातल पर कसते हुए वे अपनी बात को इस तरह सामने रखते हैं कि उससे असहमत होना दुष्कर हो जाता है। ध्यान रखने बाली बात यह भी है कि धर्म, अध्यात्म के मर्म को आत्मसात करने के लिए उन्होंने अपनी युवावस्था में ही देश भ्रमण किया और कई तीर्थस्थलों, आश्रमों में अनेक चिंतकों के साथ लंबा वक्त गुजारा। उसी दौर के अपने अनुभवों को उन्होंने इस पुस्तक में संजोया है। इसमें कई विद्वानों से हुए उनके विमर्श वैचारिकता का एक नया क्षितिज हमारे सामने खोलते हैं। मिसाल के तौर पर इनलाइटमेंट के बारे में एक सवाल के जवाब में वह कहते हैं, 'एवरीथिंग इज ऑलरेडी इन अ स्टेट ऑफ इनलाइटमेंट। आप सब अपने आप में पूर्ण हैं, संपूर्ण हैं। लेकिन जो आप हैं, उसे छोड़कर जो आप नहीं हैं, उस अवस्था को जब आप प्राप्त करने दौड़ पड़ते हैं, तो सारी समस्या वहां से शुरू होती है। यह दौड़ ही आपको विक्षिप्त बना रही है।' *




**पुस्तक:** देवताओं का मौन, **लेखक:** राजीव मुद्गल, **मूल्य:** 249 रुपए, **प्रकाशक:** प्रलेक प्रकाशन, मुंबई